


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 28 जून 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-091 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 29 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## राज्य के नए मुख्य सचिव को लेकर मंथन तेज

**रायपुर,28 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के प्रशासनिक ढांचे में 30 जून 2025 से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। मौजूदा मुख्य सचिव अमिताभ जैन के रिटायरमेंट के साथ ही राज्य को नया चीफ सेक्रेटरी मिलेगा। उनके स्थान पर कौन अधिकारी बैठेगा, इसे लेकर रायपुर से दिल्ली तक गहन मंथन चल रहा है। नई नियुक्ति के साथ मंत्रालय में भी 'एडमिनिस्ट्रेटिव सर्जरी'लगभग तय मानी जा रही है।मंत्रालय सूत्रों के अनुसार, अगर मुख्य सचिव के लिए सीनियरिटी को नजरअंदाज कर नियुक्ति की जाती है तो कुछ सीनियर एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को मंत्रालय से बाहर भेजा जा सकता है। अगर 1991 बैच की सीनियर अफसर रेणु पिल्ले को मुख्य सचिव बनाया जाता है, तो किसी अन्य सीनियर को



मंत्रालय से हटाने की जरूरत नहीं होगी। लेकिन अगर सुब्रत साहू, अमित अग्रवाल या मनोज पिंगुआ में से कोई सीएस बनता है, तो रेणु पिल्ले को बाहर किया जा सकता है। खासतौर पर अगर अमित अग्रवाल लौटते हैं तो रेणु और सुब्रत दोनों की पोस्टिंग मंत्रालय से बाहर तय मानी जा रही है।

### जैन को रिटायरमेंट के बाद मिल सकती है नई भूमिका

रिटायरमेंट के साथ ही अमिताभ जैन को मुख्य सूचना आयुक्त की पोस्टिंग दी जा सकती है, हालांकि



मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त की नियुक्ति पर हाई कोर्ट का स्टे है ,अगर जल्द सीआईसी केस से स्टे नहीं हट पाया तो फिर 30 जून को रिटायर होने के बाद अमिताभ जैन के पास राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष का विकल्प है।

### दौड़ में तीन नाम सबसे आगे



मुख्य सचिव पद के लिए तीन नाम सबसे प्रमुख हैं- 1992 बैच के सुब्रत साहू, 1993 बैच के अमित अग्रवाल और 1994 बैच के मनोज कुमार पिंगुआ का नाम शामिल है. हाल ही में पिंगुआ दिल्ली जाकर पीएमओ के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिले हैं, जिससे अटकलें और तेज हो गई हैं। वहीं यदि प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार में सेवा दे रहे अग्रवाल वापसी के लिए राजी नहीं होते हैं, तो दौड़ में पिंगुआ और साहू का नाम ही बचेगा. हालांकि 1991 बैच की रेणु पिल्ले को भी वरिष्ठता के आधार पर स्वाभाविक दावेदार माना जा रहा है.

## संक्षेप

### हिंदी के मुद्दे पर सचिन को मत घसीटो शरद पवार

**मुंबई,28 जून।** शरद पवार की एनसीपी ने 5 जुलाई को 'हिंदी थोपने' के खिलाफ होने वाले विरोध मार्च को समर्थन देने का ऐलान किया है। पार्टी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि सचिन तेंदुलकर जैसे मशहूर लोगों पर यह दबाव नहीं डालना चाहिए कि वे महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य करने पर अपनी राय रखें। उन्होंने कहा कि सचिन से क्रिकेट के बारे में पूछो; हिंदी थोपने पर उनसे राय लेने के लिए मजबूर मत करो।शरद पवार, राज ठाकरे के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि वे देखना चाहते हैं कि कौन - खासकर मराठी कलाकार और खिलाड़ी - सरकार की इस नीति के खिलाफ विरोध मार्च में शामिल होता है और कौन नहीं।

### शेफाली जरीवाला का निधन

**मुंबई ,28 जून।** मुंबई में अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की अचानक मौत के मामले में जांच तेज हो गई है। जुहू पुलिस



स्टेशन के अधिकारी कूपर अस्पताल पहुंचे हैं और वहां सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने शेफाली के पति पराग त्यागी का बयान उनके घर पर दर्ज किया है। अब तक इस मामले में कुल चार लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। शेफाली जरीवाला के रिश्तेदार भी कूपर अस्पताल पहुंच चुके हैं, जहां उनका शव पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है। वहां उनके करीबी दोस्त और फिटनेस ट्रेनर भी मौजूद हैं।

### बिहार पुलिस के 21,391 चयनित अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति-पत्र

**पटना ,28 जून।** बिहार पुलिस के 21,391 चयनित अभ्यर्थियों को पटना के बापू सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र बांटे गए। इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहे।

## पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

**रायपुर,28 जून।** छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाले में गिरफ्तार पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को बिलासपुर हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। टुटेजा ने अदालत से मांग की थी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) और पुलिस द्वारा उनके खिलाफ की जा रही कार्रवाई की न्यायिक निगरानी हो, लेकिन हाईकोर्ट ने उनकी यह याचिका खारिज कर दी है। अनिल टुटेजा के वकील ने कोर्ट में तर्क दिया कि उन्हें एक राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है और उनके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है। वकील ने यह भी आरोप लगाया कि जांच एजेंसियां पक्षपातपूर्ण



तरीके से काम कर रही हैं, इसलिए जांच की निगरानी ज़रूरी है।हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए उपमहाधिवक्ता डॉ. सौरभ पांडेय ने इन दलीलों का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि अनिल टुटेजा केवल शराब घोटाले में ही नहीं, बल्कि डीएमएफ (जिला खनिज फाउंडेशन) और कोयला घोटाले जैसे कई अन्य गंभीर मामलों में भी आरोपी हैं।

## कृषि के क्षेत्र में इतिहास रचेगा जशपुर जिला : मुख्यमंत्री साय

**जशपुरनगर, 28 जून.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से कृषि क्रांति अभियान अंतर्गत एग्री-हॉर्टी एक्सपो एवं क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का वर्चुअली शुभारंभ किया। जिला पंचायत में दो दिनों तक चलने वाली इस आयोजन में देश की कई बड़ी कृषि कंपनियां जैसे-जियो मार्ट रिटेल, देहात, हॉनेस्ट फॉर्म, आत्माकुर, धरागरी, अवनी आयुर्वेदा इत्यादि उपस्थित रहेंगे। जिनसे जिले के किसान एफपीओ के माध्यम से अपने उपज का उचित मूल्य प्राप्त होने पर फसल विक्रय एग्रीमेंट कर सकेंगे तथा बिचौलिया प्रथा समाप्त होने से किसानों को अपने उपज का उचित मूल्य प्राप्त होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जशपुर के कृषि विकास के इतिहास में आज का दिन मील का पत्थर साबित होने वाला है। जिला प्रशासन के अभिनव

**एग्री-हॉर्टी एक्सपो एवं क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का शुभारंभ**

प्रयास से 'कृषि क्रांति' अभियान की शुरूआत हो रही है। हमारा देश कृषि प्रधान है। छत्तीसगढ़ में लगभग 80 प्रतिशत लोग कृषि और कृषि संबंधी कार्यों से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि सहित कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। हमारी



सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए बहुस्तरीय प्रयास कर रही है। चाहे वह समर्थन मूल्य पर 3100 रूपये प्रति क्विंटल के मान से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी हो, समर्थन मूल्य पर वनोपज का संग्रहण हो, या प्रोसेसिंग और निर्यात से जुड़ी योजनाएं हों। जशपुर में कटहल, आम, लीची, नाशपाती बहुतायत में होती है। यहां पर सेव की भी फसल होने लगी है।इस सम्मेलन के माध्यम से किसानों और खरीदार कंपनियों के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा। यह एक ऐसा मंच है जहाँ से एफ.पी.ओ. (किसान उत्पादक संगठन) के माध्यम से किसानों की उपज को सीधा बाजार मिलेगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री ने सॉइल हेल्थ कार्ड के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि इससे किस जमीन पर क्या उत्पादन ज्यादा होगा और कितना खाद की जरूरत होगी इसके लिए केंद्र से आए कृषि वैज्ञानिक पूरे राज्य में जाकर सॉइल हेल्थ के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राज्य में कृषि के साथ पशु पालन, मछली पालन और डेयरी विकास को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। डेयरी विकास योजना के पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयनित 6 जिलों में जशपुर भी शामिल है।

## टीएमसी सांसद का रेप पर विवादित बयान

**कोलकाता,28 जून।** साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 24 वर्षीय छात्रा के साथ हुए कथित गैंगरेप के मामले ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में उबाल ला दिया है। इस दरिंदगी का मुख्य आरोपी सत्ताधारी टीएमसी की छात्र इकाई का सदस्य बताया जा रहा है। वहीं अब घटना पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बनर्जी के एक बयान ने विवाद को और हवा दे दी है। बनर्जी के विवादास्पद बयान को लेकर विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखा विरोध जताया है और उनके बयान को "शर्मनाक" करार दिया है।श्रीरामपुर से सांसद कल्याण बनर्जी ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "अगर एक दोस्त अपनी ही दोस्त के साथ बलात्कार करता है, तो क्या किया जा सकता है। क्या पुलिस स्कूलों में बैठाई जाएगी? यह (रेप) छात्रों द्वारा एक अन्य छात्रा के साथ किया गया है। कौन उसकी रक्षा करेगा?" उन्होंने आगे कहा, "सारे अपराध और छेड़छाड़ कौन करता है? कुछ पुरुष ऐसा करते हैं। तो, महिलाओं को किसके खिलाफ लड़ना चाहिए? महिलाओं को इन विकृत पुरुषों के खिलाफ लड़ना चाहिए।" उनके इस बयान को लेकर व्यापक आलोचना हो रही है, क्योंकि इसमें



संस्थागत जिम्मेदारी से बचने की कोशिश देखी जा रही है। जब उनसे आरोपी और टीएमसी की छात्र इकाई के बीच संबंधों पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अपराध किसी पार्टी या संगठन से जुड़ा हुआ नहीं होता। कल्याण बनर्जी ने यह भी कहा, "मैं बार-बार यही कह रहा हूं कि जिसने भी यह किया है, उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। लेकिन अगर कोई दोस्त अपनी दोस्त का बलात्कार करता है, तो यह भ्रष्टाचार कैसे हो सकता है? सुरक्षा और संरक्षा की स्थिति हर जगह एक जैसी है। जब तक पुरुषों की मानसिकता ऐसी ही रहेगी, ये घटनाएं होती रहेंगी। आपका (रिपोर्टर) एक राजनीतिक एजेंडा है, इसलिए आप अपना सवाल पूछने के लिए यह माइक लेकर आए हैं।"

### गैंगरेप पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की हुई पुष्टि

**कोलकाता ,28 जून।** कोलकाता के साउथ कोलकत्ता लॉ कॉलेज में गैंगरेप की घटना सामने आई है। कॉलेज में पढऩे वाली 24 साल की स्टूडेंट ने तीन लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज का पूर्व छात्र है, उनसे दो मौजूदा छात्रों के साथ मिलकर 25 जून को इस घटना को अंजाम दिया था। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मेडिकल जांच में छात्रा के गैंगरेप के आरोप की पुष्टि हुई है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज की फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट ने शिकायत दर्ज कराई.

## मुंबई आ रहे बोइंग ड्रीमलाइनर में खराबी


**मुंबई,28 जून।** अदीस अबाबा से मुंबई की ओर आ रही थी इथियोपियन एयरलाइंस की फ्लाइट ET640 को शुक्रवार देर रात एक गंभीर तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा। एयरलाइंस के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में मिड-एयर डिप्रेशराइजेशन की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके कारण सात यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई। विमान ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर रात 1:55 बजे आपातकालीन लैंडिंग की। इस घटना में एक यात्री को गंभीर हालत के कारण अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इस दौरान विमान में करीब 300 यात्री सवार थे। मिड-एयर डिप्रेशराइजेशन वह स्थिति होती है जब विमान के केबिन में हवा का दबाव अचानक कम हो जाता है। यह आमतौर पर तकनीकी खराबी, जैसे केबिन प्रेशर सिस्टम की विफलता या विमान की संरचना में रिसाव के कारण होता है। इससे यात्रियों को सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना या अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ताजा घटना 23 जून को एयर इंडिया हीथ्रो-मुंबई उड़ान के दौरान 6 क्रू सदस्यों सहित 11 यात्रियों को चक्कर आने और



मिचली आने के कुछ दिनों बाद हुई है। बीमारी के कारणों की जांच की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लाइट संख्या ET640 में 300 यात्री और 11 चालक दल के सदस्य सवार थे। इसने इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। यह घटना तब हुई, जब विमान (ET-AXS) अरब सागर के ऊपर से उड़ रहा था। फ्लाइटरडार 24 के डेटा के अनुसार, यह 33,000 फीट की ऊंचाई पर था, जब केबिन में दबाव कम हुआ और पायलटों ने तेजी से नीचे उतरकर कम ऊंचाई पर उड़ान भरी।

## रक्षाक्षेत्र में भारत और रूस के बीच जल्द बड़ी डील संभव

**मॉस्को,28 जून।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक के इतर रूस रक्षा मंत्री आंद्रे बेलोउसव के साथ बेहद अहम मुलाकात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक को काफी अहम द्विपक्षीय मुलाकात माना जा रहा है। भारत की आधिकारिक प्रेस रिलीज में जिस स्पष्टता और बेबाक भाषा में भारत की रक्षा जरूरतों और रूस के साथ तकनीकी सहयोग की बात कही गई है, वह इस बात का संकेत है कि भारत अब अपने एयर डिफेंस और एयर-टू-एयर मिसाइल क्षमताओं को तेजी से अपग्रेड करने के लिए रूस के साथ बहुत जरूरी डिफेंस समझौता करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राजनाथ सिंह और रूसी रक्षा मंत्री की बैठक के बाद जो आधिकारिक प्रेस रिलीज जारी किया गया, उसमें खास तौर पर एयर डिफेंस सिस्टम, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, आधुनिक क्षमताओं और हवाई प्लेटफार्मों की बात कही गई है। ये प्रेस रिलीज इसलिए काफी ज्यादा हैरान करने वाला है, क्योंकि



इस तरह खुलकर डिफेंस सौदों की बात नहीं की जाती है। लेकिन भारत ने ऐसा किया है, लिहाजा इसे अमेरिका के लिए एक संदेश माना जा सकता है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को 'धोखा' दिया है। डिफेंस इंडस्ट्री के एक्सपर्ट्स पहले से ही इस बात को लेकर संकेत देते रहे हैं कि, भारत हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के स्वदेशी निर्माण और उनके सु-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों में इंटीग्रेशन के लिए रूस से सहयोग चाहता है।

### भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसी के घर

**पुरी,28 जून।** ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन है। आज सुबह 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया। सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंच गया है। मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर की दूरी 2.6 किमी दूर है। श्रद्धालु की बहुत ज्यादा मौजूदगी होने के कारण कल रथ को ज्यादा दूरी तक नहीं खींचा जा सका था, गुंडिचा मंदिर में भगवान 9 दिन ठहरेंगे

## एक घर में नाग देवता का पूरा परिवार

**रायपुर/आरंग,28जून।** कल्पना कीजिए कि आप जिस घर पर रह रहे है वहां एक दो नहीं बल्कि सांप का भरा पूरा परिवार भी है वो भी नाग-नागिन और उसके लगभग 35 छोटे छोटे बच्चे तो आपको कैसा लगेगा..?? जी हां ये हम आपके साथ कोई मजाक नहीं कर रहे है बल्कि ये एक सच्ची घटना है. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे आरंग से मात्र 12 किमी दूर स्थित ग्राम देवरी में इंद्रकुमार साहू का घर है. इस घर में वे अपने परिवार के साथ रहते है. कुछ दिन पहले घर के अंदर से उन्हें दो छोटे-छोटे नाग सांप मिले, जिसे उन्होंने घर से बाहर निकालकर छोड़ दिया. बरसात का समय है इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सांप बिच्छू का निकलना स्वाभाविक है. फिर अगले दिन यही स्थिति रही. इंद्रकुमार ने इसकी जानकारी गांव वालों को दी. गांव के ही एक व्यक्ति को बुलाया गया जो सांप को पकड़ने में माहिर है.



घर के अंदर से लगातार सांप निकलने की घटना सामान्य नहीं हो सकती इसलिए घर के कमरे में लगे टाइल्स पत्थर को ठोक ठोककर चेक किया गया. इस दौरान एक स्थान पर टाइल्स पत्थर के नीचे गड्ढे होने आशंका हुई. घर वालों ने जब उस कमरे के टाइल्स को निकाला तो घर वालों के होश उड़ गए. यहां पर पूरा नागलोक समाया हुआ था. नाग नागिन और लगभग 35 छोटे छोटे सांप घर के दो कमरों में अपना कब्जा कर चुके थे. आनन फानन में घरवालों ने घर के फर्श में लगे टाइल्स पत्थर को तोड़ा और जहां-जहां सांप के बिल थे उसकी खोदाई कर सांपों को बाहर निकाला. घटना की जानकारी डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई. आरंग पुलिस भी मौके पर पहुंची और सांपों का रेस्क्यू कर सभी सांपों को जंगल में छोड़ा गया.

## मोबाइल से वोटिंग कराने वाला बिहार देश का पहला राज्य बना

**पटना,28 जून।** बिहार देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां वोटर्स मोबाइल के जरिए ऑनलाइन वोट डाल रहे हैं. इस सुविधा के पीछे चुनाव आयोग का उद्देश्य वोटिंग पर्सेंटेज बढ़ाना है. बिहार के 50 हजार से ज्यादा वोटर्स, जो किसी और शहर या विदेश में हैं और वोट डालने नहीं जा पाए हैं, या फिर वे जो असक्षम होने के चलते मतदान केंद्र नहीं जा सकते, वे इस सुविधा के जरिए अपने मोबाइल से ही वोटिंग कर रहे हैं. बता दें कि शुक्रवार को नगरपालिका उपचुनाव के लिए पटना, रोहतास और पूर्वी चंपारण जिलों के कुल 6 नगर पंचायतों में चुनाव हो रहे हैं, जहां मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और वार्ड पार्षद के लिए कुल 570 उम्मीदवार मैदान में हैं.ई-वोटिंग के लिए बिहार के 51,000 से ज्यादा वोटर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है. इनमें करीब 26 हजार पुरुष, ज!बकि 25 हजार महिला वोटर्स शामिल हैं. जिन मतदाताओं ने खुद को ई-वोटिंग के लिए रजिस्टर किया है. उम्मीद की जा रही है कि इस तरह ई वोटिंग आने वाले समय में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है.

## असम में घुसपैठ रोकने के लिए सख्त इंतजाम

**त्रिपुरा,28 जून।** हिमंत बिस्वा सरमा ने आगे कहा कि अवैध प्रवासियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने के हमारे चल रहे प्रयासों के तहत कल रात हमने 20 और बांग्लादेशियों को वापस भेजा। अवैध अप्रवासियों को आधार कार्ड प्राप्त करने से रोकने के लिए, असम में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार आधार कार्ड जारी करने और जन्म और मृत्यु पंजीकरण के नियमों को सख्त बनाने की योजना बना रही है। वयस्कों (18 वर्ष से ऊपर) के लिए आधार कार्ड अब केवल डिप्टी कमिश्नर द्वारा जारी किए जाएंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में बात करते हुए कहा कि बहुत जल्द, हम एक निर्णय लागू करेंगे, जिसके तहत वयस्क नागरिकों को आधार कार्ड केवल डीसी द्वारा जारी किए जाएंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी अवैध अप्रवासी आधार नहीं बनवा सकता है, और हम उन्हें आसानी से ट्रैक करके वापस भेज सकते हैं। हिमंत बिस्वा सरमा ने आगे कहा



कि अवैध प्रवासियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने के हमारे चल रहे प्रयासों के तहत कल रात हमने 20 और बांग्लादेशियों को वापस भेजा। सरमा ने कहा कि सरकार आधार कार्ड जारी करने के नियमों को सख्त बनाने पर विचार कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल वास्तविक नागरिक ही राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप में वर्गीकृत इस महत्वपूर्ण दस्तावेज़ को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि हमने आज की कैबिनेट में आधार कार्ड के नियमों को सख्त बनाने के मुद्दे पर चर्चा की है। हम अगली कैबिनेट में इस पर आगे चर्चा करने जा रहे हैं। सरमा ने कहा, "असम में हम वयस्कों (18 वर्ष से ऊपर के लोगों) के लिए अब आधार कार्ड जारी करना बंद करने जा रहे हैं। दो साल हो गए हैं और हमने वयस्कों को पहले ही आधार कार्ड दे दिए हैं। अब सरकार नवजात शिशुओं और बच्चों को ही आधार कार्ड जारी करना जारी रखेगी।

## पार्टी कर रहे एयर इंडिया के चार अधिकारी बर्खास्त

**नई दिल्ली,28 जून।** एयर इंडिया एसएटीएस के चार बड़े अधिकारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। इसकी वजह है एक वीडियो। यह वीडियो गुरुग्राम में हुई एक पार्टी का है, जो सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हो गया। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोगों में बहुत गुस्सा है। यह घटना एयर इंडिया की फ्लाइट AI171 के हादसे के कुछ दिन बाद हुई है। 12 जून, 2025 को हुए इस हादसे में 259 लोगों की जान चली गई थी, जिससे पूरा देश शोक में डूबा हुआ था। वीडियो में एसएटीएस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अब्राहम जकारिया और कुछ कर्मचारी तेज गाने पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह पार्टी ऐसे समय पर हुई, जब देश एक बड़े हवाई हादसे से जूझ रहा था। इसलिए लोगों ने इसे असंवेदनशील और गलत बताया। लोगों का कहना है कि कंपनी को इस तरह जश्न नहीं मनाना चाहिए था।

एसएटीएस ने इस पर एक बयान जारी किया है। कंपनी ने कहा, ' एसएटीएस, AI171 के दुखद हादसे से प्रभावित परिवारों के साथ है।

**एक नज़र**

## केवाईसी अपडेट के नाम पर खाते से 90 हजार पार



**भिलाई, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एनएसपीसीएल के एजीएम मकरंद बक्षी साइबर ठगी के शिकार हो गए बैंक मैनेजर बनकर ठग ने फोन किया केवाईसी अपडेट करने के नाम पर 90 हजार रुपए उनके खाते से उड़ा दिया अब पुलिस की साइबर टीम जांच में जुटी है मकरंद बक्षी एनएसपीसीएल, टाऊनशीप, रुआबांधा, भिलाई का निवासी है एनएसपीसीएल में एजीएम के पद पर कार्यरत हैं पुलिस ने बताया कि 17 जून को अंजान नंबर से उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉलर ने स्वयं को भारतीय स्टेट बैंक चेम्बुर का ब्रांच मैनेजर बताया इसके बाद उसने मकरंद बक्शी को मोबाइल ऐप में जाकर बैंक की केवाईसी अपडेट करने कहा। उन्होंने केवाईसी अपडेट करने के लिए मोबाइल ऐप खोला, लेकिन वह लॉगिन नहीं हुआ। इसके बाद कॉलर ने एजीएम से उनके दूसरे बैंक की जानकारी ली मकरंद ने बिना सोचे समझे एक्सीस बैंक की जानकारी कॉलर को दे दी। इसके बाद कॉलर ने वाट्सऐप में एक कस्टमर सपोर्ट का ऐप भेजा, जिसको ओपन करने पर एक लिंक क्लिक हो गया, तुरंत उनके मोबाइल में ओटीपी आने लगा। उनके खाते से 19,999, 19,999, 19,999, 19,999 व 10,000 रुपए कुल 89,996 रुपए निकल गए थे शिकायत पर भिलाई नगर थाने पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है

## सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के संबंध में संगोष्ठी 30 को

**भिलाई, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव हेतु निगम सभागार में 30 जून को समय प्रातः 10:30 बजे विचार संगोष्ठी का आयोजित किया गया है, जिसके लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सांसद, विधायक, महापौर, पार्षदगण एवं नागरिकगणों से सुझाव लिए जाने संगोष्ठी कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। आयुक्त पाण्डेय ने अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी को निर्देशित किया है कि 28 जून तक उपरोक्त कार्यक्रम का पी.पी.टी. तैयार करा लेवें, जिसे प्रोजेक्ट के माध्यम से दिखाया एवं समझाया जाएगा।

## जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए विधायक



**भिलाई, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भगवान श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा महोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। सेक्टर 6 एवं सेक्टर 4 मंदिर से प्रारंभ हुई इस रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरा वातावरण जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा और भक्ति भाव से सराबोर हो गया। इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने रथ यात्रा में भाग लेते हुए प्रभु श्रीजगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना की और रथ खींचा। रथ यात्रा में रंग-बिरंगी झांकियां, भजन-कीर्तन और लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रही। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि रथ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक एकता, शांति और सद्भावना का प्रतीक है। । यह आयोजन भिलाई नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रमाण है। रथ यात्रा ने लोगों में भक्ति, सेवा और परस्पर सहयोग की भावना को प्रबल किया।

**बीएसपी ने जीता गोल्डन पीकॉक इको-इनोवेशन अवार्ड**




**भिलाई, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र को प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक इको-इनोवेशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इंस्टीट्यूट ऑफडायरेक्टर्स (आईओडी), नई दिल्ली द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता और नवाचार के क्षेत्र में संयंत्र की अग्रणी पहलों की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्रालय के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने की। भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

# भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव ने किया भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 जून।** भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव एवं इस्पात मंत्रालय के वित्तीय सलाहकार आशीष चटर्जी ने शुक्रवार को भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। भिलाई आगमन पर निदेशक एवं अतिरिक्त प्रभार मनीष राज गुप्ता तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों ने भिलाई निवास में उनका स्वागत किया। चटर्जी को सीआईएसएफ जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक डॉ एम रवींद्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तुषार कांत, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। संयंत्र भ्रमण के पूर्व आशीष चटर्जी, मेन गेट स्थित सुरक्षा उत्कृष्टता केन्द्र पहुंचे, जहां उन्हें संयंत्र भ्रमण के दौरान आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया। संयंत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ निदेशक एवं अतिरिक्त प्रभार मनीष राज गुप्ता, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तुषार कांत उपस्थित थे।

### अज्ञात लोगों ने घर में आग लगाकर बाहर से बंद कर दिया था किवाड़

# पड़ोसियों ने दरवाजा खोलकर परिवार को बचाया, तीन वाहन जलकर खाक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 जून।** नंदिनी थाना क्षेत्र के टाउनशिप नंदिनी नगर निवासी रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा के घर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी आग लगाने वाले के घर के दरवाजा की कुंडी बाहर से लगा दी थी।

पड़ोसी ने कुंडी खोली, तब जाकर प्रार्थी सहित परिवार के अन्य सदस्य बाहर निकल पाए आगजनी की इस घटना में प्रार्थी के घर के बाहर रखे तीन वाहन जलकर खाक हो गए हैं। अपने परिवार के साथ रहता है प्रार्थी ने नंदिनी पुलिस ने बताया कि वर्तमान में बेरला ब्लाक मे ग्राम सांकरा मिडिल स्कूल में अध्यापक के पद पर पदस्थ हैं रात करीब 10 बजे खाना खाकर सो गए थे घर के अंदर धुंआ भरने पर प्रार्थी की पत्नी ने उसे रात करीब तीन बजे जगाया। बाहर का दरवाजा खोलने गई तो दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद थी।

तब प्रार्थी ने अपने पड़ोस में रहने वाले गैंद लाल धाकडे को फोन लगाया जो आसपास के पड़ोसियों को लेकर आए। लोगों ने वेंटिलेशन को तोड़कर प्रार्थी सहित परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि घर के आंगन में खड़ी स्विफ्ट कार सीजी-07 एमबी 1588, टीवीएस स्कूटी वाहन सीजी-07 सीवी 0920 और होंडा साइन सीजी-24-9809 को कोई अज्ञात व्यक्ति आग लगाकर जला दिया है शिकायत पर नंदिनी थाने पुलिस ने अपराध दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

**समाचार संक्षेप**

## मुहर्रम पर बनाए जा रहे ताजिए, अखाड़ों में भी तैयारी और तकरीर का दौर जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 जून।** मुहर्रम माह की शुरुआत 26 जून की शाम से हो गई है। इसके साथ ही शहर में पूरे 10 दिन 6 जुलाई तक कर्बला के शहीदों की याद में मुर्हरम के कई आयोजन हो रहे हैं।

इनमें तकरीर, सम्मान समारोह, रक्तदान शिविर और पौधारोपण शामिल है। शहर में अलग-अलग स्थानों पर ताजिए तैयार हो रहे हैं। हर साल की तरह इस साल भी 40 से ज्यादा ताजिए यौमे आशूरा के मौके पर निकलेंगे। इन ताजियों को अंतिम रूप देने का काम कारीगर कर रहे हैं। दूसरी तरफ 26 जून की शाम मुर्हरम का चांद दिखने के साथ ही सभी इमाम बाड़ों में फातिहा हुई और इसके साथ ही अखाड़ों में अभ्यास का दौर शुरू हो गया।

अखाड़ों के करतब दिखाने नौजवान अपने-अपने उस्तादों की निगरानी में अभ्यास कर रहे हैं।



मुर्हरम पर जगह-जगह तकरीर भी हो रही है। अंजुमन हुसैनिया कमेटी की ओर से खुर्सीपार में तमाम आयोजन अल्लामा मौलाना सैय्यद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी की सरपरस्ती में हो रहे हैं। हजरत बीबी फातिमा जोहरा कमेटी की ओर से मुर्हरम पर यादे इमामे हसन हुसैन 10 रोज का औरतों के लिए तकरीकी प्रोग्राम जामा मस्जिद कम्युनिटी हॉल, सेक्टर- 6, भिलाई में चल रहा है।

## शासकीय प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 28 जून।** शासकीय प्राथमिक शाला दनिया खुर्द मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक रोशन दुबे और जनपद सदस्य दिनेश विश्वाकर्मा टीकम साहू सरपंच प्रतिनिधि कारेसरा, सुरेश साहू सरपंच राजपुर,गिरधर साहू, आनंद सिंह साहू हरमू पटेल, सुकलाल पटेल, जैतराम साहू,बुधरु साहू, तकेश साहू शत्रुघ्न राजपूत, सहदेव पटेल पंचराम पटेल,लोचन राजपूत, बलराम साहू, कृष्ण पटेल, नेमीचंद साहू, चंद्रेश श्रीवास, शंकर पटेल, गनपत पटेल, प्राथमिक शाला दनिया खुर्द के प्रधान पाठक, रीना सुखदेवे , शाला विकास समिति के अध्यक्ष ब्रम्हा पटेल उपाध्यक्ष चंद्रेश साहू एवं एस एम सी के सभी सदस्यों की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे एवं अतिथियों ने बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर बच्चों को, गणवेश, पुस्तक वितरण कर मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे ने उद्बोधन में कहा की शिक्षा से बच्चों का बेहतर भविष्य बनता है।

## डेंगू रोकथाम के लिए चलाया गया अभियान



**भिलाई, 28 जून।** टाउनशिप में डेंगू के रोकथाम और नियंत्रण के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के जन स्वास्थ्य अनुभाग तथा जिला मलेरिया विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष डेंगू नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। रैली में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारा एवं महाप्रबंधक के. के. यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## चालू वित्तीय वर्ष के संपत्तिकर में 5 प्रतिशत की मिली छूट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 जून।** भिलाई, 28 जून। नगर निगम भिलाई में मकान/दुकान मालिकों के लिए संपत्तिकर में छूट लेने का सुनहरा अवसर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 का संपत्ति कर जमा करने वालों के लिए वर्तमान में निगम भिलाई द्वारा 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। जिनका भी संपत्ति कर बकाया है, वे अपनी संपत्ति कर जल्द से जल्द जमा कर सकते हैं और चल रहे छूट का लाभ ले सकते हैं। यदि भूमि स्वामी द्वारा स्व विवरणी अनुसार अपने मकान/दुकान का क्षेत्रफल के संबंध में गलत जानकारी दिए हैं तो नगर निगम के टीम के जांच के पूर्व कार्यालय आकर अपना स्व विवरणी सुधार कर लेवें । अन्यथा जांच में गलत जानकारी पाए जाने पर अंतर की राशि का 5 गुना पेनाल्टी शुल्क भुगतान करने का प्रावधान है।

## कुसमुंडा क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर एचएमएस ने किया सिविल नगर प्रशासन कार्यालय का घेराव

**कोरबा 28 जून।** कोरबा-पश्चिम कुसमुंडा क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर कोयला मजदूर सभा एचएमएस के सदस्यों ने सिविल नगर प्रशासन कार्यालय का घेराव किया। जानकारी के अनुसार विगत तीन दिनों से आदर्श नगर कॉलोनी में पानी की समस्या को लेकर आंदोलन चल रहा है। बताया जा रहा है कि विकास नगर क्षेत्र में पानी आपूर्ति वाली पाइप टूट गई है, जिससे कॉलोनी में पानी आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

एचएमएस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नगर प्रशासन सिविल कार्यालय का घेराव कर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। वेलफेयर कमेटी सदस्य निरंजन सिंह ने संबंधित सिविल अधिकारियों के लापरवाहीपूर्ण रवैया पर सवाल खड़ा किया। एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री अशोक साहू ने तीखे शब्दों में प्रबंधन के उदासीन रवैया को भी पानी जैसे महत्वपूर्ण मांगों को लेकर अपना विरोध जताया। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या अभी की नहीं है, विगत तीन वर्षों से पानी की समस्या रही है और आज स्थिति यह है कि संगठन को घेराव पर आना पड़ा है। एसएमएस क्षेत्रीय अध्यक्ष सुजीत सिंह हैप्पी ने कहा कि अधिकारी अपने क्वार्टर में टैंकर से पानी की सप्लाई करवा कर अपने लिए पानी की आपूर्ति करवा रहे हैं।

## मत्स्य कालेज में अंतर्राष्ट्रीय नशानिवारण दिवस का आयोजन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 28 जून।** शासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशानिवारण दिवस का आयोजन कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है, जिसके परिपालन में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग जिला कबीरधाम द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत मत्स्य(फिशरीज) कॉलेज कवर्धा में नशामुक्ति थीम पर रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त अधिकारी, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाया गया एवं नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताते हुए विद्यार्थियों को नशामुक्ति हेतु जागरूक किया गया।

### सेल ने डिजिटल परिवर्तन की दिशा में बढ़ाया कदम : मनीष गुप्ता

# सेल के पांच कर्मचारियों को एआई नवाचारों के लिए किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र एवं सेल-रिफ्रैक्ट्री यूनिट के पाँच कर्मियों को उत्कृष्ट कृत्रिम बुद्धिमत्ता नवाचारों के लिए सम्मानित किया गया। निदेशक प्रभारी-अतिरिक्त प्रभार मनीष राज गुप्ता ने इस्पात भवन में आयोजित समारोह में पांचों पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। सम्मानित कर्मियों में वरिष्ठ प्रबंधक संतोष कुमार ने डीपसीक एआई, क्लाउड.एआई एवं चैटजीपीटी जैसे प्लेटफॉर्म्स की सहायता से एक एआई-सक्षम वेब एप्लिकेशन विकसित किया है। प्रबंधक शुभम किशोर मिश्रा को रिफ्रैक्ट्री ईंटों में सर्फेस डिफेक्ट्स का पता लगाने हेतु विकसित एआई मॉडल के लिए, सहायक प्रबंधक धर्म राजू बाच्चू को सुरक्षा रिपोर्टिंग, प्रलेखन और कार्यप्रवाह अनुकूलन के लिए एआई -आधारित टूल्स के सफल प्रयोग किया। महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय ने मेटा प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर प्रशासनिक कार्यों को सरल और प्रभावी बनाने का नवाचार किया। एचआर-प्रशासनिक सहयोगी राजीव कुशवाहा को गामा एआई, नैपकिन एआई एवं माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट जैसे आधुनिक प्लेटफॉर्म्स की सहायता से उच्च गुणवत्ता की व्यावसायिक प्रस्तुतियाँ तैयार करने और डेटा सर्च में दक्षता लाने हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनीष राज गुप्ता ने कहा कि जब सेल ने डिजिटल परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाया था, तब यह शंका थी कि क्या हमारी संगठनात्मक तैयारी पर्याप्त है या बाहरी विशेषज्ञों की सहायता की आवश्यकता होगी किंतु एआई एंड यु जैसे अभियानों में कर्मचारियों की उत्साही भागीदारी यह दर्शाती है कि सेल इस क्षेत्र में अपेक्षा से कहीं अधिक सक्षम और परिपक्व है। संचालन एवं आभार महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# नगर निगम आयुक्त ने उद्यान के रखरखाव के लिए एजेंसी को नोटिस देने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 जून।** नगर निगम के जोन-3 मदर टेरेसा नगर एवं जोन-5 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर वार्ड क्रं.-31 में पूर्व निर्मित सियान सदन का निरीक्षण कर वहां साफ-सफाई व अन्य संधारण कार्य कराये जाने एवं निगम स्वामित्व का बोर्ड लगाने जोन आयुक्त सतीश यादव को निर्देशित किया। समीपस्थ जयंती उद्यान का मुआयना कर तत्काल साफ-सफाई, आवश्यक संधारण एवं शोभायमान पौधों के रोपण कराए जाने हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। भ्रमण के दौरान जोन क्र. 05 सेक्टर 8 स्थित मन्नम उद्यान का निरीक्षण कर संधारण एवं रख रखाव हेतु नियुक्त एजेंसी को नोटिस जारी करने जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को निर्देशित किये, जिससे उद्यान की सुन्दरता बरकरार रहे। नगर निगम भिलाई से सेवानिवृत्त कर्मचारी विष्णु चंद्राकर एवं समिति के सदस्यो ने उद्यान के निःशुल्क देखरेख हेतु अपनी सहमति व्यक्त किये और हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिये। समीपस्थ सड़क-10 उद्यान, गोल बाजार स्थित उद्यान में चल रहे घास कटिंग एवं साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण कर निर्मित मंदिर समिति को देख रेख हेतु चर्चा किया गया। जिसके लिए समिति के सदस्यों ने अपनी सहमति दी। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, वैभवकांत सेम्युवल, उप अभियंता श्वेता महेश्वर, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा उपस्थित रहे।

# रिश्तेदार के घर से लौट रहे मां-बेटे को ट्रेलर ने कुचला, मौत

■ ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, 25-25 हजार रुपए के मुआवजे का मिला आश्वासन

**बिलासपुर, 28 जून।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कथा पूजा में शामिल होकर घर लौट रहे मां-बेटा सड़क हादसे का शिकार हो गए. दर्दनाक हादसे में दोनो की मौके पर मौत हो गई.

दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे ग्राम पंधी स्थित यादव ढाबा के सामने हुई. हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया, जो प्रशासन की समझाइश के बाद समाप्त हुआ.

घटना सीपत थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार सीपत क्षेत्र के ग्राम जांजी निवासी सकुन बाई अपने बेटे हरीश सिंह के साथ अपने परिजन के घर बिलासपुर में



आयोजित कथा-पूजा में शामिल होने आई थी, जहां से रात में दोनों अपने गांव लौट रहे थे. रास्ते में ग्राम पंधी के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेलर ने उन्हें कुचल दिया. जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने ओवरलोड वाहनों को बंद करने और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर चक्काजाम कर दिया.

घटना की सूचना पाकर पुलिस व प्रशासन के अफ़सर मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मृतकों के परिजनों को तात्कालिक सहायता के रूप में 25-25 हजार रुपये की राशि दी जाएगी.

साथ ही हादसे वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे और ओवरस्पीड व ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. सीपत पुलिस अज्ञात ट्रेलर की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.

## समाचार संक्षेप



### कामता विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव, जनप्रतिनिधि हुए शामिल

**सिमगा, 28 जून।** संकुल केन्द्र शास. विद्यालय कामता में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सिमगा जनपद पंचायत सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि हेमीन चंद्रशेखर साहू ,कामता पंचायत सचिव वीरेंद साहू उपसरपंच पंच आदि उपस्थित हुए। उक्त शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओ का गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया,तथा कापी पुस्तक का वितरण भी किया गया। स्कूल परिषर में पौधा रोपण भी किया है साथ ही बच्चों को बधाई शुभकामनायें दी गई। साथ ही जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को संबोधित कर अच्छे से पढ़ाई लिखाई कर शाला परिवार सहित अपने माता पिता का नाम रौशन कर जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे. जनपद सदस्य प्रतिनिधि चंद्रशेखर साहू . सचिव वीरेंद साहू एवं कामता के पंच, महिला समूह एवम स्कूल के प्रचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं सहित समस्त विद्यार्थी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत करमरी में वृक्षारोपण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष वैष्णव

**छुरिया, 28 जून।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ग्राम पंचायत करमरी में वृक्षारोपण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुई। जहां 100 से अधिक वृक्षों का एक जगह वृक्षारोपण किया गया। साथ ही इस अवसर पर तालाब किनारे शेड निर्माण व सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हर वर्ग चाहे बच्चे हो चाहे बड़े सभी एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्ष लगाने का काम कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जैसे एक मां अपने बच्चों को संस्कार खिखाती है। अच्छा शिक्षा अध्ययन कराती है।उसका पालन पोषण कर उसे बड़ा करती है। ठीक उसी हम सभी वृक्षारोपण कर वृक्ष लगा रहे हैं।हम सभी को उसकी सुरक्षा व देखभाल करना है।ताकि जब वृक्ष बड़ा होगा तो उससे हमें भी फल फूल व शुद्ध आक्सीजन प्राप्त होगा। श्रीमती वैष्णव ने सभी से आवाहन किया है कि अधिक से अधिक वृक्षों का वृक्षारोपण कार्य करे व अपने आस पास व समाज के साभी लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करें।

### उपभोक्ता आयोग ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर की दिलाई बीमा क्षतिपूर्ति राशि



**बलौदाबाजार, 28 जून।** बीमा कम्पनी द्वारा दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि नहीं देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने बीमा कंपनी को सेवा का दोषी मानते हुए सर्वेयर द्वारा निर्धारित राशि 305865 रूपए सहित अन्य व्यय भुगतान करने आदेश पारित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक खोजराम कोशले ने एक मैसी ट्रैक्टर फायनेंस कराकर कय किया था उक्त वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिस पर वाहन की मरम्मत पर आने वाले खर्च एवं बीमा राशि हेतु बीमा कंपनी के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत किये गये परंतु कंपनी द्वारा बीमा पॉलिसी की शर्तों का परिपालन नही किये जाने के कारण आवेदक का दावा निरस्त कर दिया गया।आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत करने पर आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्य हरजीत सिंह चांवला एवं श्रीमती शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजो, बीमा पालिसी एवं किए गए तर्को का सूक्ष्मता से परीक्षण उपरांत बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बजाज अलियांज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड रायपुर को सर्वेयर द्वारा निर्धारित राशि 305865 रुपये एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 10,000 एवं वाद व्यय के रूप में 5,000 रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

### विमलनाथ जैन मंदिर में चातुर्मास का होगा आयोजन

■ मृत्यंजय महातप भक्तों में छाएगा भक्तिभाव

**रायपुर, 28 जून।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी जैन मुनियों द्वारा चातुर्मास के लिए रायपुर आगमन हो चुका है। इस बार चातुर्मास का आयोजन नाकोड़ा भैरव सोसाइटी स्थित विमलनाथ जैन मंदिर में एवं मृत्युंजय एवं शत्रुंजय महातप का आयोजन किया जा रहा है। सैकड़ों श्रद्धालु महातप में शामिल होंगे। शुक्रवार को मुनि भगवंतों का मंगल प्रवेश पचपेढ़ी नाका स्थित तिरूपति अपार्टमेंट से नाकोड़ा भैरव सोसाइटी में पहुंचा। यात्रा में मुनि जयपाल विजय मुनि प्रियदर्शी विजय मुनि तीर्थ प्रेम विजय एवं साध्वी अक्षय निधि श्रीजी का भक्तों ने भव्य स्वागत किया। मुनि प्रियदर्शी महाराज ने चातुर्मास में भक्तों को आत्म अवलोकन करना चाहिए। इस अवधि में आध्यात्म एवं तपस्या से स्वयं को जोड़े और आत्म कल्याण की दिशा अग्रसर हों। मुनि महेंद्र सागर ने कहा कि जब तक चातुर्मास में मन व भाव से प्रभु सेवा के लिए समर्पित नहीं होंगे तब तक जीवन का कल्याण संभव नहीं है। मुनि शोभन तिलक विजय महाराज ने कहा कि रोगी के लिए जिस तरह डॉक्टर की जरूरत है उसी तरह आत्म कल्याण के लिए गुरु का होना जरूरी है। उक्त अवसर पर गायक राहुल झाबक ने भजनों की जोरदार प्रस्तुति दी।

## एक नजर

### सिमगा में नया नंबर प्लेट बनाने लगाया गया शिविर



**सिमगा, 28 जून।** राज्य सरकार के आदेशानुसार प्रदेश में वाहनों में नया नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है , नया नंबर प्लेट नहीं लगाने पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वही सिमगा में इसके लिए शिविर आयोजित की गई है और शिविर लगाकर नया नंबर प्लेट बनाया जा रहा है। सिमगा के जनपद पंचायत कार्यालय के पास बिहान भवन है और वही पर आज से उक्त शिविर लगाया गया है। शिविर का शुभारंभ आज जनपद पंचायत सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, पार्षद प्रतिनिधि अनूप तिवारी आदि ने उपस्थित होकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर शुभारंभ करने के बाद जनपद पंचायत सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे ने क्षेत्रवासियों से अपील कर कहा कि वे अपने अपने वाहनों में नया नंबर प्लेट लगाने शिविर का लाभ उठावें।

### लवन में नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्रारंभ

**बलौदाबाजार, 28 जून।** राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा परियोजना लवन में बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अतंर्गत किशोरी बालिकाओं को ब्यूटी पार्लर का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। किशोरी बालिकाएं शामिल हो सकती हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं के लिए रोजगार सृजन कर अपने दैनिक जीवन की जरूरत को पूरी एवं आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकती हैं। कार्यक्रम में जिला महिला संरक्षण अधिकारी सुमंजू तिवारी, जिला मिशन समन्वयक श्रीमती प्रीति नवरत्न, वित्तीय साक्षरता श्रीमती कौशल्या सोनवानी, लवन परियोजना पर्यवेक्षक प्रमिला पटेल, देवकी सहित बालिकाएं उपस्थित थीं।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु नामांकन 31 जुलाई तक

**बलौदाबाजार, 28 जुलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025 के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु नामांकन 31 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पटल पर एवं आनलाईन आवेदन वेबसाइट www.awards.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है।

### आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 28 जून।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 26 जून 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैध वारिसानो में कुंजबती पति स्व. जनकराम साहू, निवासी नेवारी, तहसील सुहेला,लक्ष्मीबाई पति स्व. बसंत ग्राम वटगन तहसील पलारी एवं रामचरण पिता स्व. किशन निवासी ग्राम परसाडीह तहसील लवन शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### तोड़फोड़ व आगजनी करने वाले अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 28 जून।** बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल मुख्य आरोपी किशोर नवरंगे द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर न्यायालय परिसर बलौदाबाजार में शासकीय कर्मचारी को धमकी देते हुए, शासकीय कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न किया गया, जिस पर थाना सिटी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में आरोपी एवं उसके साथियों के विरुद्ध अपराध पंजीबध्द कर आज दिनांक 27.06.2025 को आरोपी किशोर नवरंगे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम गिंदोला थाना लवन को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### खरोरा में किशोरी की लाश मिलने के मामले में रिश्तेदार युवक की तलाश

**रायपुर, 28 जून।** जिले के खरोरा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बेल्दार सिवनी में मिली किशोरी लाश के मामले में पुलिस मृतका के दूर के रिश्तेदार युवक की तलाश कर रही है। मृतका उक्त संदेही युवक के साथ मोटरसायकल से निकली थी जो घर नही आई और दूसरे दिन उसकी लाश मिली। वहीं संदेही युवक अपनी बाईक भाटापारा रेलवे स्टेशन में पार्क कर फरार है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार आज दिनांक 27/06/25 को लगभग 12 से 12:30 बजे करीब बेल्दार सिवनी से सूचना मिली की तोर्रा तालाब के खेत में एक अज्ञात लड़की मृत अवस्था में पड़ी हुई है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई।

परंपरागत श्रद्धा-भक्ति और उल्लास के साथ जशपुर में निकाली गई भव्य रथयात्रा

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रथयात्रा में हुए शामिल, निभाई छेरा-पहरा की रस्म





■ भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा से मौसीबाड़ी पहुंचे, 9 वें दिन होगी भव्य वापसी

**जशपुर, 28 जून।** जशपुर ज़िले के ऐतिहासिक एवं प्राचीन जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में इस वर्ष भी रथयात्रा महोत्सव का आयोजन परंपरागत श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ किया गया। मंदिर से रथ यात्रा के रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने जगन्नाथ मंदिर में पूरे विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने झाडू से रथयात्रा के मार्ग को बुहारकर छेरा-पहरा की रस्म निभाई। मुख्यमंत्री साय ने हजारों श्रद्धालुओं के साथ भक्तिभावपूर्वक रथ यात्रा में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के रथ को रस्सी खींचकर आगे बढ़ाया। पूरा वातावरण जय जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन और भक्तिमय उल्लास से गूंज उठा। रथ यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए मौसीबाड़ी पहुंची। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा नौ दिनों तक अपनी मौसी के घर मौसीबाड़ी में विराजमान रहेंगे। नौवें दिन 5 जुलाई को शुभ वापसी जगन्नाथ मंदिर, दोकड़ा में होगी। यह आयोजन ओडिशा के पुरी धाम की परंपरा के अनुरूप आयोजित किया गया है।

**दोकड़ा में सन् 1942 से जारी है रथ यात्रा की परंपरा**-रथ यात्रा की शुरुआत दोकड़ा में वर्ष 1942 में हुई थी। इसकी शुरूआत स्वर्गीय सुदर्शन सतपथी एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती सुशीला सतपथी द्वारा श्रद्धा और समर्पण के साथ की गई थी। तब से यह परंपरा निरंतर श्रद्धा और उत्साह के साथ निर्विघ्न रूप से जारी है। समय के साथ यह आयोजन अब एक भव्य धार्मिक मेले का रूप ले चुका है, जिसमें श्रद्धालुओं की विशाल सहभागिता देखने को मिलती है। रथ यात्रा के पावन अवसर पर ओडिशा से आमंत्रित कीर्तन मंडलियों ने भक्ति संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। साथ ही रथ यात्रा में अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियां भी शामिल रहीं, जो भगवान जगन्नाथ की महिमा और हमारी सांस्कृतिक विविधता की भव्यता को अत्यंत आकर्षक रूप में प्रदर्शित कर रही थीं।

**नौ दिनों तक चलेगा धार्मिक पर्व**-जगन्नाथ मंदिर समिति दोकड़ा के सदस्यों ने बताया कि रथ यात्रा महापर्व नौ दिवसीय भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर परिसर और दोकड़ा गांव पूरे श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहता है। पूरे महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, संगीतमय प्रस्तुतियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ बच्चों और युवाओं के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कर्रवाई लगातार जारी



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 28 जून।** यातायात पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं। सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 26.06.2025 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 21 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6300 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 29 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 15,000 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 26.06.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल वाहन चालकों के विरुद्ध 66 कार्रवाई कर 26,600 समन शुल्क वसूल किया गया है।

## शराब बिक्री करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 28 जून।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांयोजना ÷समाधान सेल÷ प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी ÷समाधान सेल÷ हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 27.06.2025 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा देवरहा तालाब के पास पुरानी बस्ती बलौदाबाजार में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## साइबर ठगी को अंजाम देने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बलौदोबाजार, 28 जून।** प्रार्थी सजन सिंह पटेल निवासी वीर शिवाजी वार्ड बलौदाबाजार द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 22.05.2024 से 10.06.2024 के मध्य आरोपी मोबाइल नंबर धारकों द्वारा विभिन्न मोबाइल नंबर से ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रशिक्षण कोर्स के नाम पर प्रार्थी से कुल ?25,58,317 विभिन्न खातों में जमा करवा कर धोखाधड़ी किया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 429/2025 धारा 420,409,34 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी के दौरान उपयोग किए गए बैंक खाता नंबर आदि दस्तावेज प्राप्त किया गया, जिसके आधार पर पता चला कि प्रार्थी के साथ आनलाइन धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों द्वारा इसी प्रकार की घटना को अंजाम जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा में दिया गया है, जिस पर साइबर थाना कुरुक्षेत्र में दर्ज अपराध में 02 आरोपी राहुल एवं अंकित मोदी हरियाणा के कुरूक्षेत्र जेल में निरूध्द है। कि प्रकरण में पुलिस द्वारा जिला जेल कुरुक्षेत्र से दोनों आरोपियों को न्यायलयीन प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया।

# नगर पंचायत के कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं

■ पार्षदों का मानदेय भी अटका, कर्मचारियो का पेंशन अंषदान राशि भी नही हो पा रहा है जमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंबागढ़ चौकी, 28 जून।** नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के एक मात्र नगरीय निकाय नगर पंचायत अंबागढ चौकी के रेगुलर कर्मचारियो को पिछले तीन माह से वेतन नही मिला है। हर माह वेतन नही मिलने से परेषान अधिकारी कर्मचारी वेतन की मांग को लेकर सडक में उतरने की तैयारी कर रहे है। बताया जाता है की निकाय के अधिकारी कर्मचारी जुलाई माह के पहले सप्ताह में वेतन की मांग को लेकर आंदोलन में जा सकते है। नगरीय निकाय छग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ से संबंध नगर पंचायत अंबागढ चौकी वेतन की मांग को लेकर जुलाई में काम का बहिष्कार कर सडक में उतर सकते है। अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष राजीव बारसागढे, मो. सोफू जिलानी, जलील अहमद रब्बानी, श्यामलाल यादव, दशरथ शर्मा, तिलक यादव, मकबूल खान, पीर खान, जीवन पटेल, रामसाय पटेल, दीपक सलामे, निजाम साय पटेल, सुरेन्द्र सिन्हा, कृष्णा पटेल, रघुवेन्द्र खरे, रामकुमार देवागन, हेमंत अमिला, रामकुमार देवागन, कविता तिवारी, कविता मंडावी, कचंन लकडा, लोकेश सलामे इत्यादि कर्मचारियो ने बताया की उन्हे अप्रेल महिने से वेतन ही नही मिला है। हर माह नियमित वेतन नही मिलने से उनकी माली हालत खराब हो गई है। वे कर्ज में डूब गए है। कर्मचारियो ने अपना दुखडा सुनाते हुए बताया की उन्हे कभी भी नियमित रूप से हर माह वेतन नही मिलता है। हर बार वेतन के लिए तीन या चार महिने इंतजार करना पडता है। समय पर वेतन नही मिलने से उनके समक्ष परिवार चलाने की समस्या खडी हो गई है। वेतन के अभाव में उनकी दषा इतनी खराब है की वे न तो अपने बच्चो का स्कूल में एडमिशन करा पा रहे है और न ही अपने परिवार के बीमर सदस्यो का उपचार करा पा रहे है।

# सड़क निर्माण में हो रही देरी से भड़क रहा लोगों में आक्रोश

■ एकलव्य स्कूल का आहाता टूटने के बाद ही बनेगी नई सड़क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अम्बागढ़ चौकी, 28 जून।** पचास लाख की लागत से प्रस्तावित नया हास्पिटल से राजीव गांधी चौक तक जोडने वाली सडक का निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर नागरिको में आक्रोश की लहर है। नगरीय निकाय चुनाव से पूर्व प्रारंभ हुए इस कार्य की गति इतनी धीमी है की सडक निर्माण कार्य के लिए मुरूम मिटटी का फिंलीग कार्य भी पूर्ण नही हो पाया है। इधर मुरूम मिटटी कार्य भी एकलव्य स्कूल का आहाता सामने आने के कारण रूक गया है। नगरीय निकाय चुनाव के आचार संहिता से पूर्व आनन फानन में प्रांरभ किए गए राजीव गांधी चौक से नया हास्पिटल तक सीसी सडक निर्माण की धीमी गति को लेकर स्थानीय नागरिको का पारा चढ गया है। वर्किंग एजेंसी नगर पंचायत के माध्यम से शुरू हुए निर्माण कार्य के प्रथम चरण में प्रस्तावित सडक में सबसे पहले मुरूम मिटटी की फिलिंग किया जाना है। उसके बाद सीसी सडक निर्माण कार्य किया जाना है। लेकिन पिछले सात महिने में ठेकेदार ने मुरूम मिटटी फिलींग का काम ही पूर्ण नही किया है। यह कार्य भी अब



नया हास्पिटल से लगे एकलव्य स्कूल के आहाता के पीछे आकर अटक गया है। बताया जाता है की जब तक आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा दीवाल तोडने की अनुमति नही दी जाएगी और दीवाल टूटेगा नही तब तक हास्पिटल तक मुरूम मिटटी फिलींग का कार्य नही हो सकता है।

**आहाता तोडने मांगी गई अनुमति**-नया हास्पिटल तक सीसी सडक निर्माण के लिए सीएचसी से लगे एकलव्य स्कूल के एक हिस्से के आहाता को तोडने के लिए नगर पंचायत कलेक्टर व आदिम जाति कल्याण विभाग से अनुमति मांग रही है। कलेक्टर से अनुमति मिलने एवं आहाता तोडे जाने के बाद ही मुरूम फिलींग का काम आगे बढ सकता है। इधर काम की धीमी गति को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नाराजगी जाहिर की है। नगर अध्यक्ष ने कहा की निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करना होगा। यदि काम समय में पूर्ण नही किया गया तो निष्चित तौर पर ठेकेदार के खिलाफ परिशद द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

### दानदाताओ के नाम होगा सडक का नामकरण

नया हास्पिटल से राजीव गांधी चौक तक सडक निर्माण के लिए नगर के प्रमुख कृशक स्व. रामचन्द्र पांडे एवं स्व. सबल सिंह बिच्छू अमिला के परिजनो द्वारा अपनी कृषि जमीन दान में दी गई है। जमीन दान में मिलने के बाद ही यंहा पर सडक निर्माण का कार्य के लिए प्रस्ताव पास हुआ था। केलक्टर द्वारा सीसी सडक निर्माण के लिए 50 लाख की राशि मंजूर किए जाने के बाद ही यंहा पर सडक निर्माण का काम शुरू हुआ है। जमीन दानदाताओ ने निर्माणाधीन सडक को अपने स्वर्गीय प्रियजनो के नाम पर करने के लिए सुशासन तिहार में आवेदन भी किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की जनसुविधाओ के लिए जिन कृशको ने अपनी लाखो की जमीन को दान में दिया है। उनके प्रियजनो के नाम पर ही इस सडक का नामकरण किया जाएगा।

## संपादकीय

# युद्ध की भूमिका बना रहे आतंकी

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पांच घाटी जिलों में छापामारी कर तीन सौ राइफलें व अन्य हथियार बरामद किए। इसके साथ ही जबरन वसूली करने वाले प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना व असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने विस्फोटकों व अन्य युद्ध सामग्री बरामद की। इसमें 151 एसएलआर राइफलें, 65 इंसास राइफलें, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, बारह हल्की मशीन गनें, पांच कार्बाइन गन, दो एमपी-5 गन, छह एके सीरीज राइफलें, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्तौलें, दो फ्लेयर बंदूकें, दस ग्रेनेड, सात डेटोनेटर व एक एआर-15 समेत कुल 328 बंदूकें व राइफलें बरामद कीं। यह खुफिया ऑप्रेशन मणिपुर में समान्य स्थिति बहाल करने, सार्वजनिक व्यवस्था कायम करने, नागरिकों व उनकी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों के लिहाज से किया गया।राज्य की पुलिस ने आम जनता से व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध हथियारों से जुड़ी सूचना तत्काल नजदीकी पुलस स्टेशन या केंद्रीय निरीक्षण केंद्र को राज्य में सामान्य देने की अपील की है। जब्त किया गया जखीरा देख कर कहा जा सकता है कि आतंकी युद्ध की भूमिका बना रहे हैं। उनका असल मकसद कुकी व मैतई विद्रोह के बीच फायदा उठाकर राज्य में अमन-चैन तबाह करना है। राज्य की सार्वजनिक व्यवस्था सुचारू बनाने व सामान्य स्थिति बहाल करने के सरकारी प्रयास जारी हैं। लंबे अरसे से संघषर्रत राज्य में आम जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित है। बड़ी संख्या में लोग पड़ोसी राज्यों में पलायन कर चुके हैं। रोजगार व आमदनी के साधन चरमरा चुके हैं। घर, दुकान, प्रतिष्ठानों कों बहुत क्षति पहुंची है।इतनी बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी आतंकियों/ उपद्रवियों के इरादों की द्योतक है। मगर सवाल यह भी है कि चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था व मुस्तैदी के दरम्यान ये अवैध हथियार कैसे राज्य की सीमा के भीतर पहुंच रहे हैं। सीमाओं पर सख्ती के अतिरिक्त घाटी वाले इलाकों पर सतर्कता जरूरी है। राजनीति से इतर इस संघर्ष को रोकने के तत्काल प्रयास बेहद जरूरी हैं।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी शौक मौज की चीजों में वृद्धि होगी। आपको लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतनी होगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई लेनदेन सोच विचार कर करें। फिजूल की योजनाओं पर ध्यान देने से बचना होगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप किसी घर मकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मित्र के रूप में आपके कुछ शत्रु रहेंगे, जिन्हें आपको पहचानना होगा, उनसे कोई जरूरी जानकारी शेयर न करें।

वृषभ आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप लोगों के साथ सुकून भरे पल व्यतीत करेंगे। किसी शारीरिक समस्या के आने से आपको थोड़ी टेंशन रहेगी। आपने यदि परिवार में किसी सदस्य से कोई वादा किया था, तो उसे भी समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। माता-पिता का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार में किसी पार्टी का आयोजन हो सकता है। आपका भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। पारिवारिक समस्याएं फिर उठाएंगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगी। कारोबार में भी आपको धोखा मिलने की संभावना है। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो उसे कुछ समय के लिए स्थगित कर दे, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आप किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचे। आपको संतान की पढ़ाई लिखाई को लेकर कोई टेंशन हो सकती है।

कर्क आज का दिन आपके लिए संपत्ति संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में कोई बदलाव करने की सोच सकते हैं। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन आप अपनी आंख व कान खुले रखें। आपको अपने खान-पान पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आप किसी नौकरी से संबंधित काम को लेकर यदि परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होगी। आप लोगों से कम से कम मतलब रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई मन मुताबिक काम मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन आपके आसपास के लोगों को इससे समस्या खड़ी हो सकती है। आप यदि प्रॉपर्टी को लेकर कोई सौदा करने जा रहे थे, तो उसमें आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको संतान पक्ष की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा समझदारी से करें, क्योंकि कोई चोट चपेट आदि लग सकती है।

कन्या आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारी से बिल्कुल पीछे न हटे। आपको अपने समय का सदुपयोग करना होगा। आप इधर-उधर बैठकर खाली समय व्यतीत ना करें। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को लेकर कहीं लॉन्ग ड्राइव पर जाने की योजना बना सकते हैं। यदि आपको नौकरी में कोई समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आपको जीवनसाथी से सलाह मश्वरे की आवश्यकता होगी। आपको अपने पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनाए रखनी होगी।

तुला आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में समस्या आने से भागदौड़ भी अधिक करनी होगी। आप बेवजह के कामों पर खर्च करने से बचे। आपने यदि किसी अनजान व्यक्ति से लेनदेन किया, तो उससे आपका धन फंसने की संभावना है। आप अपने घरेलू कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप अपनी छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे। यदि आपने किसी प्रतियोगिता में भाग लिया था, तो आज उसके परिणाम आ सकते हैं। आपको अपने घरेलू खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। संतान की संगति पर आप विशेष ध्यान दें। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

धनु आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। धार्मिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को यदि पढ़ाई मे समस्याएं आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप जीवनसाथी से किसी बात को लेकर बहस बाजी में न पड़े। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना होगा। आप यदि किसी काम को लेकर कोई लोन लेने की सोच रहे थे, तो आप उसके लिए अप्लाई कर सकते हैं। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको किसी काम को लेकर थोड़ा सोच विचार करने की आवश्यकता है।

मकर आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी से अपने आगे के जीवन को लेकर बातचीत करेंगे, जिससे दोनों के बीच प्रेम और गहरा होगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है।

कुंभ आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। धन को लेकर कोई समस्या आपको घेरे हुए थी, तो वह भी दूर होगी। बिजनेस कर रहे लोग किसी डील को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी फाइनल हो सकती है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की छवि और निखरेगी और उनके जन समर्थन में भी इजाफा होगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप किसी काम को लेकर यात्रा पर भी जा सकते हैं।

मीन आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ावों का सामना करना पड़ेगा। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाये, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। परिवार में किसी बात को लेकर खटास आने की संभावना है, जिससे रिश्तो में कड़वाहट बढ़ेगी, इसलिए आप अपनी वाणी पर संयम रखें। जीवन साथी की भावनाओं का सम्मान करें।

## चर्चित मुद्दा

# देश की एकता व अखंडता के लिये ख़तरनाक है भाषाई विवाद

निर्मल रानी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों नई दिल्ली में एक पूर्व आईएएस अधिकारी द्वारा लिखित एक पुस्तक का विमोचन किया। इसी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने एक वाक्य बोलकर राष्ट्रीय स्तर पर भाषाई विवाद को जन्म दे दिया। गृह मंत्री ने कहा कि "इस देश में अंग्रेज़ी बोलने वालों को 'शर्म' आएगी, ऐसा समाज निर्माण अब दूर नहीं है।" उत्तर से लेकर दक्षिण तक अमित शाह के इस बयान की काफ़ी तीखी आलोचना हुई। कुछ लोगों ने अंग्रेज़ी को रोज़गार परक भाषा बताया तो कुछ का मानना था कि आत्मविश्वास के लिए अंग्रेज़ी का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। जबकि कुछ नेताओं ने इस बयान को भारत की भाषाई बहुलता को कमज़ोर करने और हिंदी थोपने के प्रयास की नज़रों से देखा। आश्चर्य की बात तो यह है कि भारत सरकार के ही अनेक मंत्री ऐसे हैं जो धाराप्रवाह अंग्रेज़ी बोलते हैं। कई प्रमुख मंत्री हैं तो ऐसे भी हैं जो अंग्रेज़ी में प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिए ही जाने जाते हैं। उदाहरण के तौर पर वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण अंग्रेज़ी में अत्यंत धाराप्रवाह हैं। वे जेएनयू से अर्थशास्त्र की डिग्री धारक है। वित्तीय नीतियों पर वैश्विक मंचों जैसे जी 20 पर उनके भाषण उनके अंग्रेज़ी बोलने के कौशल को दर्शाते हैं। इसी तरह विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर, जो पूर्व राजनयिक भी रहे हैं, अंग्रेज़ी में असाधारण रूप से धाराप्रवाह हैं। वह अंतरराष्ट्रीय मंचों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और कूटनीतिक चर्चाओं में प्रायः अंग्रेज़ी का व्यापक उपयोग करते हैं। इसी प्रकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अंग्रेज़ी बड़े ही आत्मविश्वास के साथ बोलते हैं, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे और निवेश से संबंधित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में उनकी धारा प्रवाह अंग्रेज़ी उनकी क़ाबलियत में चार चाँद लगाती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, यह भी पूर्व राजनयिक हैं तथा अंग्रेज़ी में उत्कृष्ट संवाद का कौशल रखते हैं। वह संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर अंग्रेज़ी भाषा के माध्यम से ही भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसी तरह नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जोकि हार्वर्ड और स्टैनफ़ोर्ड से शिक्षित हैं अंग्रेज़ी में अत्यंत धाराप्रवाह हैं और संसद व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसका उपयोग करते हैं। अमेरिका में शिक्षित और प्रशिक्षित चिकित्सक ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी, जो हैं, अंग्रेज़ी में पूरी तरह से पारंगत हैं। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं विशेषकर दक्षिण भारत के अधिकांश सांसद व मंत्री अंग्रेज़ी में संवाद करते हैं। ऐसे में अमित शाह का यह कहना कि ऐसा समाज निर्माण अब दूर नहीं है कि इस देश में अंग्रेज़ी बोलने वालों को शर्म आएगी,इसका अर्थ निकालना व इसका विश्लेषण करना बेहद ज़रूरी है। क्यों शर्म आयेगी अंग्रेज़ी बोलने वालों को ? स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब विदेश जाते हैं तो प्रॉम्प्टर पर ही सही परन्तु अंग्रेज़ी में ही भाषण देकर भारत का पक्ष रखते हैं ? कश्मीर से कन्याकुमारी तक आप कहीं भी चले जाइये ,यदि आप क्षेत्रीय भाषा बोल पाने में असमर्थ हैं तो अंग्रेज़ी ही ऐसी भाषा है जो एक दूसरे राज्य के लोगों के मध्य संवाद स्थापित करने का सुगम माध्यम बनती है। देश ही नहीं लगभग पूरे विश्व में अंग्रेज़ी भाषा विभिन्न देशों के लोगों को एक दूसरे से जोड़ने का काम करती है। आज गृह मंत्री अमित शाह के दर्जनों मंत्रिमंडलीय सहयोगियों,सांसदों व अधिकारियों व राज्य स्तरीय भाजपा नेताओं की संतानें अमेरिका,ब्रिटेन,ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य कई देशों में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। ज़ाहिर है 'राष्ट्रवादियों ' की यह संतानें वहां संस्कृत या हिंदी माध्यम से पढ़ने के लिये नहीं गयी हैं। बल्कि यह वहां पढ़कर अंग्रेज़ी भाषा में ही पारंगत होंगी। तो क्या आने वाले कल को इन्हें भी अंग्रेज़ी बोलने में शर्म आएगी ? इसमें कोई संदेह नहीं कि क्षेत्रीय भारतीय भाषाएं भारतीय संस्कृति के आभूषण के समान हैं। परन्तु अदालत से लेकर संसद व दूतावासों तक व मेडिकल व विज्ञान शिक्षा में ख़ासकर प्रयुक्त होने वाली अंग्रेज़ी भाषा को 'शर्म ' वाली भाषा तो हरगिज़ नहीं कहा जा सकता। गृह मंत्री के अनुसार यदि शर्म ही आने की संभावना है तो कम से कम अपनी सरकारी योजनाओं का मेक इन इंडिया,डिजिटल इंडिया,स्टार्टअप इंडिया जैसा अंग्रेज़ी नाम तो न रखते ? इस सम्बन्ध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि अंग्रेज़ी सीखना आर्थिक रूप से उपयोगी है और इससे रोज़गार के अवसर बढ़ते हैं। राहुल गांधी ने शाह के इस बयान को भारत की भाषाई बहुलता पर हमला बताया। कांग्रेस ने तो इसे सांस्कृतिक आतंकवाद का हिस्सा बताया और कहा कि अंग्रेज़ी वैश्विक संदर्भ में भारत के युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और डीएमके ने भी शाह के बयान को हिंदी थोपने की एक और कोशिश के रूप में देखा है । डीएमके ने तर्क दिया कि अंग्रेज़ी भारत की भाषाई विविधता को जोड़ने वाली कड़ी है और इसे कमज़ोर करना देश की एकता के लिए हानिकारक हो सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम ने अन्नादुरै का हवाला देते हुए कहा कि हिंदी को जबरन थोपना स्वीकार्य नहीं है। इसी तरह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेताओं ने शाह की टिप्पणी को उनकी "संकीर्ण राजनीति" का परिचायक बताया और कहा कि अधिक भाषाएं सीखने से ज्ञान में वृद्धि होती है, न कि शर्मिंदगी। भारत में लोग अपनी पसंद की भाषा बोलने के लिए स्वतंत्र हैं। अंग्रेज़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण सेतु है। यह न केवल रोज़गार के अवसर प्रदान करती है, बल्कि नवाचार, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके विपरीत अंग्रेज़ी को हटाने या कम करने से भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा भी प्रभावित हो सकती है।इसलिये कहा जा सकता है कि अमित शाह का बयान अदूरदर्शी होने के साथ साथ पूर्वाग्रह पूर्ण भी है जोकि भारत की भाषाई विविधता को नज़रअंदाज़ करता है। वैसे भी हमारे समाज में अंग्रेज़ी बोलने वालों को हमेशा इज़्ज़त की नज़र से देखा जाता है, इसलिये भी यह बयान सामाजिक समानता के विरुद्ध है। रहा सवाल अंग्रेज़ी को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ने की मानसिकता को औपनिवेशिक सोच से जोड़ने का परिणाम बताना तो हमारा पहनावा,उपयोग की वस्तुयें,क्रॉकरी,मकानों की बनावट वैज्ञानिक सामग्रियों पर बढ़ती निर्भरता यह सब भी पश्चिमी प्रभाव का ही परिणाम है। हम किन किन चीज़ों को पश्चिमी कहकर ठुकराते रहेंगे ? इस तरह के ग़ैरज़िम्मेदाराना बयानों से हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं का भला तो नहीं होगा बल्कि राजनीतिक ध्रुवीकरण ज़रूर बढ़ सकता है। ख़ासकर दक्षिणी राज्यों में इसे क्षेत्रीय अस्मिता पर हमले के रूप में भी देखा जा सकता है। इसलिये देश की एकता व अखंडता के लिये भाषाई विवाद खड़ा करना बेहद ख़तरनाक है।

# बाह्य तथा आंतरिक सुरक्षा के खतरे

संजीव ठाकुर



भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा ठ या प क व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रपतियों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक संवेदनहीन,लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है।

इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और लगभग 2 हजार लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। दूसरी तरफ भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है। भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान,बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन,1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है। मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पाकिस्तान के अलावा नेपाल से भी भारत के संबंध बहुत मधुर कभी नहीं रहे हैं नेपाल में चीन तथा पाकिस्तान के हस्तक्षेप के कारण नेपाल भारत की आलोचना करता आया है। पाकिस्तान का इस्लामिक कट्टरपंथ एवं वहां की सेना तथा पाकिस्तानी शासन के हुक्मरान भारत को अपना दुश्मन नंबर एक मानते हैं। भारत का नेपाल के साथ सीमा विवाद है जिसके चलते नेपाल का नजरिया भारत के प्रति बदलता गया है। भारत और चीन के संबंध 1962 के बाद से सभी सामान्य नहीं रहे हैं। लाइन आफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश तथा लद्दाख में सदैव अतिक्रमण किया है और भारत का चीन से डोकलाम, पपेंगांग, गलवान क्षेत्रों में सैनिक स्तर का विवाद होता रहा है और एलएसी पर चीन और भारत में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। इसी बात में अमेरिका भारत के साथ है किंतु रूस इस मामले में निरपेक्ष नीति अपनाए हुए हैं। यह अलग बात है कि अमेरिका भारत का स्वतंत्रता के बाद से तभी सहयोगी मित्र नहीं रहा है और रूस ने परंपरागत रूप से अपनी मित्रता भारत के साथ अलग-अलग घटनाओं तथा युद्धों में साबित की है। यह तो तय है कि भारत में आतंकी गतिविधियां आंतरिक सुरक्षा के लिए हमेशा खतरा बनी हुई थी और है। इसके अलावा एल ए सी तथा एलओसी में चीन तथा पाकिस्तान जैसे देशों से हमें मुकाबला करना होगा। पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर है पर चीन की मदद तथा उकसावे के कारण पाकिस्तान भारत को एक बड़ा दुश्मन मानती है। वैसे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार की सभी देशों से अच्छी मित्रता है एवं भारत को शांति का पक्षधर माना जाता है किंतु रूस यूक्रेन युद्ध में यह बात एकदम स्पष्ट उभर कर आई है कि किसी भी युद्ध में देश को अपनी सुरक्षा खुद की शक्ति एवं सामर्थ्य से करनी होगी। अमेरिका जैसे देश बाहर से तमाशा देखने वाले देशों में माने जाते हैं। अतः भारत को अपनी आंतरिक तथा सीमा की सुरक्षा स्वयं के शक्ति तथा सामर्थ से ही करनी होगी एवं हमेशा सतर्कता बरतनी होगी।

## सू-दोकू 93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.092 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# शुभांशु की उड़ान से खुलेंगे संभावनाओं के नए द्वार

सुनील कुमार महला



अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत निरंतर अपने झंडे गाड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन एक्सिओम-4 के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचना भारत के 'नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम' के लिए संभावनाओं का एक नया द्वार है। कितनी बड़ी बात है कि शुभांशु दुनिया के 634वें अंतरिक्ष यात्री बनें हैं।सच तो यह है कि शुभांशु शुक्ला की यह उपलब्धि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए मील का पत्थर है। वास्तव में, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत निरंतर अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपनी तकनीकी प्रगति, मेहनत और लगन का प्रमाण पूरे विश्व को दे रहा है और भारत ने विश्व के समक्ष यह साबित कर दिया है कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में धीरे- धीरे सिरमौर बनने के कगार पर है। सच तो यह है कि आने वाले समय में भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक नई शक्ति बनकर उभरेगा जहां वह विश्व के अन्य देशों का नेतृत्व करता दिखेगा। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में एक्सिओम-4 के जरिए भारत ने संपूर्ण विश्व को एक नया संदेश दिया है। गौरतलब है कि शुभांशु शुक्ला और चालक दल को लेकर एक्सिओम-4 मिशन 25 जून को कैनेडी स्पेस सेंटर से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। गौरतलब है कि इस मिशन में एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट का उपयोग किया गया है। इसरो, निजी क्षेत्र और वैश्विक सहयोग के समन्वय से भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपनी वैज्ञानिक क्षमताओं को साबित करते हुए भारत को एक नई पहचान दिलाई है। गौरतलब है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारत के इसरो के बीच हुए समझौते के तहत भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया, जो अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो शुभांशु आइएसएस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय है। पाठक जानते होंगे कि 41 साल पहले वर्ष 1984 में राकेश शर्मा ने तत्कालीन सोवियत संघ के यान(सोयूज) से अंतरिक्ष की यात्रा की थी। ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने अंतरिक्ष से नमस्कार किया और इस प्रकार से उन्होंने नया इतिहास रच दिया।शुभ्रांशु अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में कदम रखने वाले पहले भारतीय हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अंतरिक्ष में 60 प्रयोग किए जाएंगे, जिनमें से 12 में कैप्टन शुभांशु शामिल होंगे, निश्चित ही यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे शुक्ला भारत द्वारा संचालित सात प्रयोग करेंगे, जिनमें बीज, शैवाल और सूक्ष्मगुरुत्व में मानव शरीरक्रिया विज्ञान पर कार्य शामिल है। गौरतलब है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य साथियों को लेकर रवाना हुआ अंतरिक्ष यान(एक्सिओम-4) 28 घंटे के सफर के बाद 4.02 बजे आइएसएस से जुड़ा। डॉकिंग की प्रक्रिया 4.16 बजे तक पूरी हुई। आइएसएस का हैच खोलने की प्रक्रिया में पौने 2 घंटे लगे और गुरूवार 26 जून 2025 को 6 बजे चारों अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन में पहुंच गए। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि कैप्टन शुक्ला के साथ मिशन कमांडर पेगी व्हिटसन (अमरीका), मिशन विशेषज्ञ तिबोर कापू (हंगरी) और पोलैंड के स्लावोज उज्नानस्की विज्मिव्सकी भी आइएसएस पहुंचे हैं। इन चारों एस्ट्रोनॉट के स्पेस स्टेशन पर पहुंचते ही वहां मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने उनका गले लगाकर स्वागत किया और वेलकम ड्रिंक दिया। शुभांशु ने जब अंतरिक्ष से संदेश दिया कि-' बच्चे की तरह स्टेप लेना सीख रहा हूं...।' उन्होंने अपने संदेश में कहा- ' नमस्ते... फ्रॉम स्पेस ! मैं अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ यहां आकर बहुत उत्साहित हूं। सच कहूं तो, जब में कल लॉन्चपैड पर कैप्सूल में बैठा था। 30 दिन के क्वारंटाइन के बाद, मैं बस यही चाहता था कि अब चल पड़े। लेकिन जब यात्रा शुरू हुई, तो ऐसा लगा जैसे आपको सीट में पीछे धकेला जा रहा हो। यह एक अद्भुत राइड थी.. और फिर सब कुछ शांत हो गया। आपने बेल्ट खोली और आप वैक्यूम की शांति में तैर रहे थे।' कहना ग़लत नहीं होगा कि उनका यह संदेश जानकर 140 करोड़ से अधिक देशवासियों की बांछें खिल उठी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वे 14 दिनों तक अंतरिक्ष में रहेंगे, जैसा कि उन्होंने यह बात कही है कि , 'अगले 14 दिन विज्ञान और अनुसंधान को आगे बढ़ाने में अद्भुत होंगे।' बहरहाल, पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि राकेश शर्मा के अलावा अभी तक भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्रियों की यदि हम बात करें तो इनमें कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स शामिल रहीं हैं। पाठकों को बताता चलूं कि कल्पना चावला अंतरिक्ष में जाने वाली प्रथम भारतीय अमरीकी महिला (वर्ष 1997 और वर्ष 2003 में की अंतरिक्ष यात्रा) तथा सुनीता विलियम्स आइएसएस अभियान में हिस्सा लेने वाली भारतीय मूल की यात्री (वर्ष 2006, 2012 और वर्ष 2024 में यात्रा) रहीं हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित इस चौथे मिशन में भारत की भागीदारी यह दर्शाती है कि भारत अब केवल लॉन्च वाहन या सैटेलाइट निर्माण तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियानों(इंटरनेशनल मेन्ड स्पेस मिशन्स) में सक्रिय भागीदार बनने की ओर भी बढ़ चुका है। पाठकों को बताता चलूं कि एक्सिओम-4 मिशन का प्राथमिक उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पर वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करना है। इसमें मानव स्वास्थ्य, माइक्रोग्रैविटी और जैविक प्रणालियों पर शोध, साथ ही जीवन के लिए जरूरी प्रणालियों का परीक्षण और मेडिकल स्टडी करना शामिल है। वास्तव में इस मिशन का उद्देश्य व्यवसाय और अनुसंधान के लिए प्लेटफॉर्म के रूप में कमर्शियल अंतरिक्ष स्टेशनों की व्यवहार्यता का प्रदर्शन करना भी है। इसके अलावा, एक्स-4 का उद्देश्य अंतरिक्ष अन्वेषण में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। जैसा कि ऊपर जानकारी दे चुका हूं कि इस मिशन में कई देशों के अंतरराष्ट्रीय क्रू मेंबर शामिल किया गया है। यह कमर्शियल और वैश्विक अंतरिक्ष(स्पेस) एक्सप्लोरेशन(अन्वेषण)में एक बड़ा कदम है।

इससे कमर्शियल अंतरिक्ष मिशनों और साझेदारियों को बढ़ावा मिलेगा। वास्तव में, कैप्टन शुभांशु की यह अंतरिक्ष यात्रा भारत के गगनयान मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो संभवतयाः साल 2027 में भारत का पहला स्वदेशी मानव अंतरिक्ष मिशन( ह्यूमन स्पेस मिशन) होगा। निश्चित ही इस मिशन से देश के युवाओं और वैज्ञानिकों को नवीन प्रेरणा और प्रोत्साहन मिल सकेगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि पृथ्वी की कक्षा में स्थित अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) में शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष प्रवास ऐसी रिसर्च स्टडीज से जुड़ा है, जो पूरी मानवता के लिए उपयोगी होंगे। वास्तव में इस मिशन से अंतरिक्ष स्टार्टअप परिदृश्य को नई ऊर्जा मिल सकेगी। भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर उत्तरोत्तर विकास और प्रगति के आयामों को छू रहा है और भारत का अपने पहले प्रयास में ही मंगल ग्रह पर पहुंचना, एक ही मिशन में सौ से ज्यादा उपग्रहों को लॉन्च करना, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बनना, सूर्य के अध्ययन के लिए देश का पहला ऑब्जर्वेशन मिशन आदित्य एल-1में कामयाबी हासिल करना इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

## एक नजर

### प्रशिक्षण से अनुपस्थित अधीक्षकों का एक दिन का वेतन नहीं देने के निर्देश

**सुकमा, 28 जून।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ से पहले जिले के नव नियुक्त एवं अन्य अधीक्षकों के लिए आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण में बिना सूचना अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। जिसमें प्रभारी अधीक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये। जिसमें कोंटा विकासखंड में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास गोलापल्ली से श्री सघुन राम मण्डावी, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास दोरनापाल से श्री अरविन्द बघेल, पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास दोरनापाल से श्री सदाराम मण्डावी , प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास जगरगुण्डा से श्रीमती दुर्गात्री यादव, बालक आश्रम किस्टाराम से श्री माड़वी मासा, कन्या आश्रम मिलमपल्ली से श्रीमती फागमती खोटे शामिल है। सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, किन्तु उनके द्वारा प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए। इस पर कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आदिवासी विकास विभाग सुकमा एवं शिक्षा विभाग सुकमा को उपरोक्त कर्मचारियों के एक दिन का वेतन अवैतनिक करने के निर्देश दिए हैं।

### आत्मसमर्पित नक्सलियो और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता

**सुकमा, 28 जून।** छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग नया रायपुर के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति-2023 एवं छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 के तहत आर्थिक सहायता स्वीकृत्ति तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित कार्ययोजना लागू किया गया है। इसके तहत (1) नक्सली हिंसा में मारे गए आम नागरिकों के आश्रित परिवार को (2) नक्सली हिंसा में घायल (स्थाई असमर्थ या गंभीर घायल) व्यक्ति को (3) चल संपति (अनाज, कपड़े, घरेलू समान आदि) के नूकसान होने पर (4) स्थायी सम्पत्ति (मकान, दुकान आदि) या जीविकोपार्जन के सायन जैसे बैलगाडी, ट्रेक्टर, जीप, भारी वाहन ट्रक, रोलर जैसै वाहनों की क्षति होने पर आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति एवं (6) नक्सली द्वारा बिना शस्त्र के अथवा शस्त्र के साथ समर्पण करने की स्थिति में प्रोत्साहन राशि (7) सक्रिय 05 लाख या अधिक के ईनामी आत्मसमर्पित नक्सली जिन्हें शासकीय सेवा प्रदान नहीं की गयी है, ऐसे आत्मसमर्पित नक्सली को इसके एवज में अतिरिक्त एकमुश्त राशि स्वीकृत उपरांत आहरण एवं संवितरण किये जाने का अधिकार जिला कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव को दिया गया है।

### पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत 4 प्रकरणों में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**सुकमा, 28 जून।** छत्तीसगढ़ शासन गृह (पुलिस) विभाग रायपुर के अधिसूचना दिये गये निर्देश एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) के आदेश के आधार पर पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत करने हेतु अनुशंसा की गई है। उक्त अनुशंसा के आधार पर छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार में प्रकाशित प्रावधान के अनुसार कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा पीड़ित पक्ष को अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत की गई है। जारी आदेशानुसार (1)मृतक का पुत्र श्री शंकर मड़कामी पिता स्व. आयता राम मरकाम, (2) मृतक की पत्नि श्रीमति कलमू दुले, पति स्व. कलमू भीमा, (3) मृतक की पत्नि (1) पुनेम गंगी पत्ति स्व. पुनेम नंदा, मृतक की पुत्री (2) कु. शांति पिता स्व. पुनेम नंदा, (4) मृतक का पत्नी श्रीमति आयती बघेल पति स्व. हिरमा राम बघेल प्रत्येक को 1-1 एक लाख रू कुल योग 4 लाख रूपये चार लाख रुपये की अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत किया गया है। संबंधित पीड़ित आवेदक क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने के लिए जिला कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**सुकमा, 28 जून।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र मुरतोंडा स्थित प्रक्षेत्र में औचक निरीक्षण में पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की सभी गतिविधियों का अवलोकन कर केंद्र में किये जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष केंद्र में छह हेक्टयर क्षेत्रफल में धान, एक हेक्टयर में रागी और चार हेक्टयर में अरहर फसल का प्रजनक से आधार तथा दो हेक्टयर में सफ़ेद तिल प्रमाणित बीज का बीजोत्पादन कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। केंद्र की आजीविकामूलक गतिविधियों जैसे मछली पालन, बकरी पालन, बटेर एवं मुर्गी पालन के साथ साथ मशरुम उत्पादन एवं बीज प्रोसेसिंग यूनिट का भी कलेक्टर श्री ध्रुव के द्वारा अवलोकन कर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में भर्ती के लिए अंतिम मेरिट सूची जारी

**सुकमा, 28 जून।** जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पावारास, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोंटा एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छिन्दगढ़ में शैक्षिक और गैर शैक्षिक पदों पर भर्ती किये जाने हेतु साक्षात्कार कौशल परीक्षा उपरान्त अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है।

# मोर गांव मोर पानी अभियान में दंतेवाड़ा जिले ने कायम की जल संरक्षण की मिसाल





■ **पर्यावरण संरक्षण एवं जल प्रबंधन को मिला सशक्त आधार**

**दंतेवाड़ा, 28 जून।** जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण इलाकों में राहत पहुंचाने की दिशा में दंतेवाड़ा जिले ने ÷मोर गांव मोर पानी महा अभियान÷ के तहत उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह राज्य शासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है। इस क्रम में कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में इस अभियान में आधुनिक जीआईएस आधारित रिज टू वैली अप्रोच अपनाते हुए 2,965 जल संरचनाओं का चयन किया गया है, जो जल प्रबंधन के क्षेत्र में जिले की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति समुदाय को जागरूक एवं सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है। लोगों को पानी का महत्व को समझाते हुए भूजल संवर्धन में सहभागी बनने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस क्रम में नरेगा के तहत गैबियन स्ट्रक्चर, कंटूर ट्रेंच स्टोन चेक डेम वृक्षारोपण आदि कार्यो का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसे जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं जल प्रबंधन को सशक्त आधार मिलेगा।

**सैकड़ों जल संरचनाएं और त्वरित कार्यान्वयन-** जिले में अब तक 1,751 कम लागत वाली तथा 71 उच्च लागत की जल संरचनाएं सफलतापूर्वक मनरेगा के अंतर्गत निर्मित की जा चुकी हैं, जिन पर कुल 450.04 लाख का व्यय हुआ है। इसके अतिरिक्त, जिले द्वारा 402 नई जल संरचनाओं का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इनका निर्माण कार्य जोरों पर है, जिन्हें अगले 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। यह सभी प्रयास वर्षा ऋतु से पहले पूरे किए जा रहे हैं ताकि अधिकतम वर्षा जल का संचयन किया जा सके और ग्रामीण क्षेत्रों को दीर्घकालीन लाभ मिल सके। जल संरचनाओं पर निर्माण कार्य के तहत लूज बोल्डर चेक डेम, मिट्टी के बांध, गैबियन स्ट्रक्चर, फेरोसिमेंट टेंक, आरसीसी संरचनाएं, जल निकासी उपचार के विविध उपाय षामिल किए गये है। ये संरचनाएं न केवल जल संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि मृदा अपरदन रोकने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हो रही हैं।

**जनभागीदारी से जन आंदोलन की ओर-** जन सहभागिता इस अभियान की सफलता का मूल मंत्र है। इसके अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए रैलियों, प्रशिक्षणों, दीवार लेखन, जल शपथ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। युवाओं को ÷जल सेना÷ के रूप में संगठित किया गया जो निर्माण कार्यों में सहयोग कर रहे हैं।

# सुकमा के सभी शिक्षण संस्थान बनेंगे तम्बाकू मुक्त



■ **जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की अनूठी पहल**

■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**सुकमा, 28 जून।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में शिक्षा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया गया है। तम्बाकू मुक्त शिक्षा मिशन के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी, सुकमा द्वारा एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों को शत-प्रतिशत तम्बाकू मुक्त बनाना है। इस अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यार्थियों ने गाँवों और नगरों में हाथों में तख्तियाँ लेकर रैली निकाली और आमजन को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। रैली के दौरान बच्चों ने जनसमुदाय से तम्बाकू का सेवन न करने की अपील की।

25 जून को संकुल पुसपाल एवं कोकावाड़ा के समस्त स्कूली बच्चों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को ÷तम्बाकू से मुक्त जीवन की शपथ÷ दिलाई गई। इन आयोजनों के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई गई, बल्कि बच्चों में सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संकल्प भी लिया गया। तत्पश्चात स्कूली बच्चें,शिक्षक/शिक्षिका पुलिस जवान जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे पुसपाल थाना से बाजार तक रैली का आयोजन कर लोगो को समझाइश दी गई।

# आजीविकामूलक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने शासन की पहल

■ **पशुधन विकास विभाग के द्वारा किसानों को बटेर का वितरण**

■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**सुकमा, 28 जून।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों मे पशुधन विकास विभाग के द्वारा आजीविका मूलक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग सुकमा के द्वारा दिनांक 25 जून को कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत शामसट्टी एवं सुकमा विकासखंड के नक्सलमुक्त ग्राम पंचायत बड़ेसट्टी में ग्रामीणों को बटेर पालन हेतु बैकयार्ड कुक्कूट पालन योजनाअंतर्गत शासकीय कुक्कूट पालन प्रक्षेत्र जगदलपुर से परिवहन कर 40-40 यूनिट व्यस्क स्वस्थ बटेर दाना सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति मे वितरण किया गया।

# महिला का मोबाईल और पैसा चुराने वाला मेकाहारा का गार्ड गिरफ्तार, सामान बरामद




**रायपुर, 28 जून।** मेकाहारा में एक मरीज के परिजन से चोरी करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। अस्पताल के सुरक्षाकर्मी गार्ड ने ही वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के कब्जे से कुल 26 हजार का सामान और कैश बरामद किया गया है। मामला मौदहापारा थाना क्षेत्र

26 जून को जब महिला सो रही थी, तभी उसने ब्लाउज में हाथ डालकर पर्स निकाल लिया था। घटना का ष्ट्टञ्जङ्क भी सामने आया था। पीड़ित नेहा सेन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके मुताबिक, उसकी मां मेकाहारा अस्पताल में भर्ती है। उनसे मिलने गई थी, रात में मेकाहारा अस्पताल परिसर कार्डियोलाजी ढ्ढष्ट रूम के बाहर बरामदा में सो रही थी। सोते समय पर्स और मोबाइल अपने पास रखकर सोई थी, रात करीब साढ़े 11 बजे महिला को एहसास हुआ कि कोई मोबाइल-पर्स निकाल रहा है। तब वह अचानक हड़बड़ाकर उठी और देखी कि एक सिक्योरिटी गार्ड उसका सामान लेकर भाग रहा था। मेकाहारा अस्पताल के स्टाफ प्रदीप सेंद्रे ने की थी चोरी।

**26 हजार का सामान और कैश बरामद-**आरोपी गार्ड से एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल जिसकी कीमती 6 हजार रुपए है। एक नग रियलमी कंपनी का मोबाइल जिसकी कीमत 7 हजार और पर्स में रखे नगदी 13 हजार रूपए गायब था।

## ई-ऑफिस प्रणाली से होगा शासकीय कामकाज का डिजिटलीकरण



**सुकमा, 28 जून।** जिले में शासकीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में ई-ऑफिस कार्य प्रणाली के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और तकनीकी पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गई जिसमें प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र का संचालन डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग से आए मास्टर ट्रेनर्स श्री गजेंद्र वर्मा एवं रवि निषाद द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य परंपरागत कागजी प्रक्रिया को डिजिटल प्लेटफॉर्म में रूपांतरित कर कार्य संचालन की गति और गुणवत्ता में सुधार लाना है।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी रहा जारी




■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

■ **आंदोलन अब उग्र होने की संभावना एनएमडीसी की खनन व सेवाएं पड़ी हैं ठप**

■ **प्रोडक्शन बंद रहने से रोजाना करोड़ो रूपये की हो रहीं नुकशान**

**बचेली, 28 जून।** विष्व विख्यात नवरत्न कंपनी एनएमडीसी बचेली किरंदुल के दोनों परियोजना में स्थानीय बेरोजगार युवाओ की भर्ती एवं प्राथमिकता की मांग को लेकर बेरोज़गार युवकों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी हैं संयुक पंचायत दंतेवाड़ा के नेतृत्व में गुरुवार दिनाक 26 जुन प्रातः 04 बजे से हजारों बेरोजगार किरंदुल बचेली के दोनों परियोजनाओं के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए एवं परियोजना में चलने वाली सभी वाहनों को रोक दिया जिससे तीनो पालियों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी परियोजना के भीतर प्रवेश नहीं कर पा रहें प्रोडेक्शन पूर्ण रूप से बंद बन्द हो चुकी ही एनएमडीसी को रोजाना करोड़ो रूपये की नुकशान उठाना पड़ रहीं अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे बेरोजगार युवाओं की मांग निम्नांकित है।

# पीएम सूर्य घर योजना से किसानों को मिलेगा लाभ

■ **रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर मिलेगी सब्सिडी**

■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



सुकमा, 28 जून। सुकमा जिले में संचालित पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से एक नए युग की शुरुआत हो चुकी है। इस योजना से न केवल घरों में मुफ्त बिजली मिलेगी, बल्कि आमजन के मासिक खर्च में भी कमी आएगी। इसके साथ ही अतिरिक्त बिजली की बिक्री से कमाई का नया अवसर भी मिलेगा । प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देशभर में आवासीय भवनों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर घर-घर स्वच्छ और निःशुल्क ऊर्जा पहुंचाना है। सब्सिडी से सशक्तिकरण की योजना ~ डबल सब्सिडी का लाभ- पूर्व में केंद्र सरकार इस योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने पर 60त्न तक की सब्सिडी देती थी। छत्तीसगढ़ सरकार अब इस सब्सिडी में अपनी भागीदारी जोड़कर उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान कर रही है। आसान ऋण और सस्ती ईएमआई ~ बिना बोझ के सोलर लाइट खरीदने की सुविधा- छत्तीसगढ़ सरकार में बैंकिंग संस्थाओं के बीच हुए करार के तहत अब उपभोक्ताओं को 6.5त्न की रियायती ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध होगी। इससे मासिक ईएमआई बेहद कम हो जाएगी। इतना कम कि यह आपके मौजूदा मासिक बिजली बिल से भी कम हो सकता है। इसका अर्थ है कि उपभोक्ता हर माह बिजली का बिल देने के बजाय अब सोलर सिस्टम का ईएमआई देगा और कुछ वर्षों बाद जीवनभर मुफ्त बिजली का आनंद लेगा। अतिरिक्त कमाई का अवसर~ बिजली बेचो, आमदनी कमाओ, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल ~ ऊर्जा का विकेंद्रीकरण- छत्तीसगढ़ के अधिकांश गाँवों में बिजली की आपूर्ति कई बार बाधित रहती है। सूर्य ऊर्जा के माध्यम से अब इन गाँवों में निर्बाध और स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।



## दंतेश्वरी देवी के धाम में धूमधाम के साथ निकली महाप्रभु की रथयात्रा

**दंतेवाड़ा 28 जून।** माई दंतेश्वरी देवी के धाम दंतेवाड़ा में में शुक्रवार को बाहुड़ा गोंचा रथयात्रा उत्सव मनाया गया। भगवान जगन्नाथजी की भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। रथ खींचने बड़ी तादात में लोग जगन्नाथ मंदिर परिसर पहुंचे थे। इस दौरान विभिन्न समाजों के लोग भी बढ़चढ़कर रथयात्रा में शामिल रहे। गाजे बाजे के साथ शाम 5 बजे रथयात्रा की शुरूआत हुई। रथ शाम 7 बजे बस स्टेंड स्थित मौसी के घर जिसे गुंडिचा मंदिर भी कहा जाता पहुंचा जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद भगवानों को गुंडिचा मंदिर में ससम्मान उतारकर रखा गया। दंतेवाडा नगर में यह 5 वां वर्ष है जब भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ी गोंचा रथयात्रा का आयोजन उत्कल समाज एवं जगन्नाथ पूजा मंदिर समिति द्वारा धुमधाम के साथ किया गया। शाम 5 बजे जगन्नाथ मंदिर परिसर से रथ यात्रा की शुरूआत माई दंतेश्वरी देवी के पुजारियों द्वारा भगवानों की विधिवत पूजा अर्चना के बाद की गई। भगवान की यात्रा शुरू होने से पहले परंपरानुसार सोने के झाडू लगाने की परंपरा जिसे छेरा पहरा कहते हैं निवर्हन किया गया जिसके उपरांत भव्य रथयात्रा उत्सव की शुरूआत हुई।

## मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के बारहवें चरण का हुआ शुभारंभ

**सुकमा, 28 जून।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का बारवा चरण आज से शुभारंभ हुआ। इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक घर में स्वास्थ्य कर्मी और मितानिन दीदी पहुंचकर मलेरिया जाँच की जा रही हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे घर पर आए स्वास्थ्य कर्मियों से अवश्य मलेरिया जांच कराएँ। मलेरिया रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर चिकित्सक के अनुसार गोली का पूरा डोज़ सेवन करें, घर के अंदर और आसपास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और घर के अंदर कीटनाशकों का नियमित छिड़काव अवश्य कराएँ। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि मलेरिया से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है, जिससे सुकमा जिला मलेरिया मुक्त हो सके। सभी लोग इस अभियान में सहभागिता निभाएँ ताकि जिला सुकमा से मलेरिया को हमेशा के लिए दूर भगाया जा सके।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला अस्पताल सुकमा में वृहद स्वच्छता अभियान



**सुकमा, 28 जून।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत आज नगर पालिका परिषद सुकमा की टीम द्वारा जिला चिकित्सालय सुकमा में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस विशेष सफाई अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सब इंजीनियर सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान अस्पताल के वार्ड, गलियारों, परिसर व आस-पास के क्षेत्रों में गहन सफाई की गई। इस दौरान झाड़ू लगाकर, कचरा एकत्र कर परिसर को स्वच्छ बनाया और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही आयुष स्पेशलिटी क्लीनिक सुकमा में भी स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के प्रतिनिधियों ने कहा कि अस्पताल जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक जगहों को स्वच्छ व संक्रमणमुक्त बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से नागरिकों में जागरूकता बढ़ेगी और स्वच्छता के प्रति सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित होगी। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के पदाधिकारियों ने स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए इस तरह के अभियानों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

## सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में लोकहित के विषयों पर हुई चर्चा



**सुकमा, 28 जून।** जिला पंचायत सुकमा के सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न विभाग के साथ जिले के विकास के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुए। इस अवसर पर सदन में जनहित से जुड़े विषयों एवं जिले के लोगों की समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्यों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा गंभीर चर्चा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंगम्मा सोयम की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक के दौरान विभागों की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसके अलावा इस सामान्य सभा की बैठक में उठाये गए विषयों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए कहा गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, जिला पंचायत सदस्यों के साथ जिले के सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**सुकमा, 28 जून।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को विकासखण्ड सुकमा के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला देवकुपली, प्राथमिक शाला बुड़दी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर झापरा तथा स्वास्थ्य केंद्र बुड़दी का निरीक्षण किया।



कलेक्टर श्री ध्रुव ने प्राथमिक शाला देवकुपली के निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को कहा कि स्कूल खुल चुके हैं, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए स्कूल भवन के मरम्मत कार्य शीघ्र कराने और स्वच्छता के लिए शौचालयों को नियमित उपयोग में लाए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने स्वास्थ्य केंद्र बुड़दी पहुंचकर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानी। उन्होंने विशेष रूप से विद्युत व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के लोगों को निर्बाध रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। आयुष्मान आरोग्य मंदिर झापरा में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परिसर की स्वच्छता व्यवस्था में सुधार करने, आवश्यक मरम्मत कराने और मरीजों के लिए बेहतर वातावरण बनाने के निर्देश दिए।


# निजी स्कूलों में 'प्राइवेट पब्लिशर्स' की किताबें प्रतिबंधित, आदेश जारी

**रायपुर, 28 जून।** राजधानी रायपुर के जिला शिक्षाधिकारी ने एक अहम आदेश जारी करते हुए बताया है कि, अब जिले के निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिशर्स की पुस्तकों से पढ़ाई नहीं कराई जाएगी। ऐसी किताबों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। निजी स्कूल सिर्फ हृष्टश्वत्रञ्ज की किताबों से ही अध्ययन करा सकेंगे।

इसके अलावा आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों को पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें पढ़ानी होंगी जबकि छ्वस्श्व बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों को केवल हृष्टश्वत्रञ्ज की किताबों से पढ़ाई को अनिवार्य कर दिया गया है।

इसी तरह पिछले कुछ समय से शिकायत मिल रही थी कि, कुछ प्राइवेट स्कूल अपने यहाँ यूनिफ़ॉर्म से जुड़े जूते ,मोज़े, टाई, बेल्ट आदि की बिक्री कर रहे है लिहाजा जिला शिक्षाधिकारी ने इस पर भी सख्ती दिखाते हुए स्कूलों में इन सामानों की बिक्री पर रोक लगा दी है। उपरोक्त नियम शर्तों का पालन न करने वाले एवं किसी प्रकार का शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित निजी विद्यालय के प्रति शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

### निजी विद्यालय के लिए नियम एवं शर्तें



- » जिस बोर्ड से संस्था को मान्यता प्राप्त है उसे बोर्ड का नाम मुख्य द्वार पर लगाना/प्रदर्शित करना अनिवार्य है।
- » जिस बोर्ड से मान्यता प्राप्त है उसी बोर्ड से संबंधित पाठ्यपुस्तक का पठन-पाठन अनिवार्य है।
- » यदि छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त है तो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तक ही अपने संस्था में लागू करेंगे, इसके अतिरिक्त किसी अन्य निजी प्रकाशक का पाठ्य पुस्तक नहीं चलाना है और ना ही पालक को क्रय करने के लिए बाध्य करना है।
- » यदि C.B.S.E /I.C.SE. बोर्ड से संस्था को मान्यता प्राप्त है तो NCERT द्वारा निर्धारित पाठ्य पुस्तक ही अपने संस्था में लागू करेंगे इसके अतिरिक्त किसी अन्य निजी प्रकाशक का पाठ्य पुस्तक नहीं चलाना है और ना ही पालक को क्रय करने के लिए बाध्य करना है।
- » सत्र के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित केंद्रीकृत परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।
- » विद्यार्थियों को संस्था में बेल्ट, टाई, बैग, यूनिफ़ॉर्म, जूता, नोटबुक एवं अन्य सामग्री की बिक्री नहीं करना है और ना ही किसी दुकान विशेष से क्रय करने के लिए पालक को बाध्य करना है।
- » जिस संस्था द्वारा वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है वहां न लाभ न हानी के सिद्धांत का पालन करते हुए वहां का संचालन करेंगे।
- » शिक्षा सत्र के आरंभ में प्रत्येक निजी विद्यालय अपने नोडल प्राचार्य के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे कि बिंदु क्रमांक 1 से 7 तक का पालन हमारे संस्था द्वारा किया जा रहा है।

**समाचार संक्षेप**

## उल्लास के साथ निकली महाप्रभु की रथयात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 28 जून।** ऐतिहासिक लट्टुरिया मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र और माता सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा परंपरागत आस्था व उल्लास के साथ निकाली गई। चंदन काष्ठ से निर्मित मूर्तियों की स्थापना वाले इस मंदिर की रथ यात्रा विगत 122 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही है, जो नगर की सबसे पुरानी धार्मिक परंपराओं में से एक है।

इस वर्ष 27 जून को भगवान की महाआरती और महाप्रसाद वितरण के पश्चात दोपहर 1 बजे रथ यात्रा प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। रथ यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

इस पावन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया एवं श्रद्धालुओं के साथ भक्ति और सेवा का संगम प्रस्तुत किया। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि यह रथ यात्रा न केवल आस्था का पर्व है, बल्कि नगर की सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक परंपरा की पहचान भी है। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, पुजारी जगदीश वैष्णव जी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। यह 122 वर्षों पुरानी परंपरा भाटापारा नगर की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। रथ खींचने का सौभाग्य प्राप्त कर अत्यंत आनंद और श्रद्धा की अनुभूति हुई। मैं आयोजन समिति और समस्त श्रद्धालुओं का धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने इस भव्य आयोजन को सफल बनाया।

**एक नजर**

### वॉक-इन-इंटरव्यू के स्थगन की सूचना फर्जी, सीएमओ ने किया खण्डन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कांकेर द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला स्वास्थ्य समिति कांकेर अंतर्गत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर यू.एच.डब्ल्यू.सी., एम.पी.डब्ल्यू. (मेल)- यू.एच.डब्ल्यू.सी., जूनियर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट-एल.डी.सी. यू.एच.डब्ल्यू.सी., चतुर्थ श्रेणी यू.एच.डब्ल्यू.सी., फिजियोथेरिपिस्ट एन.यू. एच.एम., लैब असिस्टेंट एन.आई.डी.सी.पी. एवं एन.टी.ई.पी. आया बाई एस.एन.सी.यू., क्लीनर एस.एन.सी.यू. फिडिंग डिमान्स्ट्रेटर एन.आर.सी., लैबोरेटरी टेक्नीशियन आर.बी.एस.के. एवं डेंटल सर्जन एन.ओ.एच.पी. के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन 27 जून से 02 जुलाई तक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया में 'वॉक-इन-इंटरव्यू' के कथित रूप से स्थगित होने की फर्जी सूचना वायरल हो रही है। उन्होंने खण्डन जारी कर बताया कि वॉक-इन-इंटरव्यू के स्थगन की सूचना गलत एवं भ्रामक है। इंटरव्यू पूर्व-निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान अनुसार आयोजित होगा।

### जिला खनिज न्यास निधि में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू 9 जुलाई को

**बीजापुर, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के अधीन संचालित विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु जिला स्वास्थ्य समिति बीजापुर द्वारा जिला खनिज न्यास निधि से माईक्रोबायोलॉजिस्ट, फार्मासिस्ट एव फिडिंग डिमोंस्ट्रेटर के पदों पर भर्ती हेतु आवश्यक अर्हता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवारों से 9 जुलाई को Walk in nterview आयोजित किया जाना है। इस हेतु इच्छुक अर्हताधारी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 9 जुलाई 2025 को वांछित समस्त दस्तावेजों के साथ अद्योलिखित समय पर उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है।

### द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन पंजीयन 29 जून तक

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तकनीकी शिक्षा विभाग कांकेर द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में प्रवेश के पश्चात द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन पंजीयन 29 जून तक होगा। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के भीतर आधिकारिक वेबसाइट cgdteraipur.cgstate.gov.in/cgdte.admissions.nic.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि परिणाम की घोषणा 4 जुलाई को होने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया 5 से 8 जुलाई तक चलेगी। सभी छात्र निर्धारित तिथि में आबंटित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में तीन शाखाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इस संस्था में छात्राओं के लिए शिक्षण शुल्क पूर्णतः निःशुल्क है। छात्रों की सुविधा के लिए संस्था में सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है, जहां ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। पंजीयन शुल्क 200 रुपए है, जिसे ऑनलाइन माध्यम से ही भुगतान करना होगा। पंजीयन के समय पीपीटी का स्कोर कार्ड, 10वीं, 12वीं और आईटीआई की अंकसूचियां, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण यदि लागू हो तो रखना है। इसके अलावा जिले के मूल निवासी बिना पीपीटी परीक्षा के भी प्रवेश हेतु पात्र हैं। इसी प्रकार तृतीय चरण के लिए 10 से 13 जुलाई एवं प्रवेश 19 से 22 जुलाई निर्धारित की गई है।

# गद्दा फैक्ट्री में लगी भीषण आग युवक की जिंदा जलकर मौत

**रायपुर, 28 जून।** रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक गद्दा बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। इस भयानक हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहे कुछ मजदूर झुलस गए, वहीं एक कर्मचारी युवक की जिंदा जलकर मौत हो गई है। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

राजधानी से लगे मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के गांव कुटेशर में शुक्रवार रात एक भयानक हादसा हो गया। गांव के एक गद्दा और फोम बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस हादसे में फैक्ट्री पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। इसके साथ ही फैक्ट्री के भीतर एक कर्मचारी की भी जिंदा जलकर मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, गांव में स्थित गद्दा और फोम बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। यह हादसा रात करीब 8 बजे हुआ, जब फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे। चूंकि फैक्ट्री में सारा सामान ही जलने वाला था, इसलिए देखते ही देखते पूरी बिल्डिंग आग की चपेट में आया है। इस दौरान अंदर मौजूद मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचायी मगर एक कर्मचारी कि जिंदा जल कर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकल की टीमों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भीतर फंसे कर्मचारी की जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिरहसौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। कुछ अन्य मजदूर भी झुलसे हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।



बता दें कि हादसे का शिकार हुए कर्मचारी की पहचान कर ली गई है। कर्मचारी का नाम त्रिलोचन ध्रुव बताया जा रहा है। उसकी उम्र 18 साल बतायी जा रही है, जो मगर लोड धमतरी का निवासी था। पुलिस ने शव जले हुए शव के अवशेष को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी हो सकती है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी।

## जिला पंचायत सीईओ ने बैठक में की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा



■ **लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 जून।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने गुरूवार को जिले में संचालित योजना का योजनानुसार समय-सारणी एजेण्डावार तैयार करने जनपद पंचायत सीईओ एवं शाखा प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने मनरेगा योजनांतर्गत मानवदिवस सृजन के आबंटित लक्ष्य के विरूद्ध सृजित किए गये मानव दिवस एवं अमृतसरोवर निर्माण कार्य की समीक्षा की तथा आगामी माह में मानव दिवस सृजन में वृद्धि हेतु निर्देशित किया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीईओ श्री मंडावी ने जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के परियोजना अधिकारी मनरेगा को अमृत सरोवर के निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराने पर कारण बताओ नोटिस एवं 01 माह का वेतन रोकने के लिए निर्देशित किया। साथ ही आंगनबाड़ी निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं होने के कारण उपस्थित जनपद सीईओ को कार्य में प्रगति लाने निर्देशित किया गया। उन्होंने पीएम आवास योजना ग्रामीण अप्रारंभ आवासों का निर्माण बिहान के स्व-सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से हितग्राहियों को प्रेरित करते हुए आवास टोली के माध्यम से कार्य प्रारंभ करने की बात कही।

## आमसभा का आयोजन 29 जून को

**रायगढ़, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संभागीय अग्रवाल महासभा, बिलासपुर के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आमसभा का आयोजन 29 जून 2025, रविवार को बिलासपुर के जूनी लाईन स्थित श्री अग्रसेन भवन में किया गया है, उक्त जानकारी देते हुए रायगढ़ जिले के संगठन मंत्री राजेश अग्रवाल गणेश मंदिर ने बताया कि आमासभा की अध्यक्षता एडव्होकेट बाबूलाल अग्रवाल, रायगढ़ अध्यक्ष संभागीय अग्रवाल महासभा, बिलासपुर करेंगे। संस्था के महामंत्री राजेन्द्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि बैठक में महासभा से संबद्ध सभी 40 अग्रसभाओं के पदाधिकारियों सहित करीब 250 प्रतिनिधि शामिल होंगे, बैठक में संस्था द्वारा आगामी कार्यक्रमों के सम्बध में विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिये जावेंगे, जिनमें अग्र परिचय सम्मेलन 2026 भी शामिल है। बैठक में संस्था के कोषाध्यक्ष गणेश कुमार अग्रवाल, बिलासपुर द्वारा आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जावेगा, दिलीप अग्रवाल बिलासपुर कार्यालय मंत्री ने बताया कि बैठक में उपस्थित बिलासपुर संभाग के समस्त अग्रबंधुओं का महासभा की ओर से स्वागत किया जावेगा, उल्लेखनीय है कि संभागीय अग्रवाल महासभा, बिलासपुर के अन्तर्गत रायगढ़, सारंगढ़, सक्ती, जांजगीर चांपा, कोरबा, बिलासपुर, मुंगेली एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले की करीब 40 अग्र संस्थायें कार्यरत है।

## प्राकृतिक खेती के प्रति जन-जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 28 जून।** प्राकृतिक खेती कर फसलों का रसायन मुक्त अधिक से अधिक उत्पादन करने हेतु भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार व उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के जैवारम, केसकुतुल, जांगला, नेलसनार, गुडसाकल,कोडोली, फूलगट्टा, कौशलनार, व मंगनार में चयनीत कृषकों व कृषि सखियों को तीन चरणों में प्रशिक्षित किया जाना है जिसके प्रथम चरण में 26 जून को ग्राम - केशकुतुल, व जैवारम में चयनित किसानो व कृषि सखियों तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्राकृतिक खेती में उपयोग करने हेतु प्राकृतिक खाद-जीवामृत, घनजीवामृत बीज उपचार हेतु- बिजामृत कीटनाशक-निमास्त्र, ब्रह्मास्त्र बनाने व उसके फसलों में उपयोग का तरीका बताया गया। उपरोक्त सभी प्राकृतिक खाद व प्राकृतिक कीटनाशक ग्रामीण परिवेश में मिलने वाले वनस्पति जैसे करंज के पत्ते, नीम के पत्ते, धतूरा के पत्ते, अमरूद के पत्ते, पपीते के पत्ते, आंक के पत्ते, देसी गाय के ताजा गोबर, गोमूत्र, पेड़ के नीचे की मिट्टी, बेसन, व गुड़ से बनाए जाने की जानकारी विस्तृत रूप में प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से बताया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण में ग्राम के सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि गण तथा चयनित किसान,कृषि सखी कृषक मित्र,स्व सहायता समूह की महिलाएं तथा कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## धरती आबा योजनांतर्गत ग्राम कनेचुर में शिविर आयोजित



**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 जून।** भारत सरकार द्वारा जनजातियों के विकास एवं उत्थान हेतु धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। योजनांतर्गत राज्य स्तरीय जन जागरूकता शिविर लगाकर शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम कनेचुर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हेमंत झरना ध्रुव की अध्यक्षता में एक दिवसीय शिविर आयोजित की गई। उक्त शिविर में विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को कृषक हितैषी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिड कार्ड, प्रधानमंत्री सॉइल हेल्थ कार्ड योजना, लैम्पसों में उपलब्ध खाद बीज की जानकारी दी गई। इसके अलावा एग्रीस्टेक-फार्मर आईडी कार्ड लैम्पसों में भंडारित धान बीज का उठाव के उपरांत शिविर के माध्यम से किसानों के बीच प्रचार-प्रसार कर बीज उत्पादन लेने प्रेरित किया गया। इस दौरान अन्य विभाग द्वारा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्री सुनाराम तेता, संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, कृषि विभाग, मत्स्य एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पीएम सूर्यघर योजना से बिजली उपभोक्ता बन रहे उत्पादक

## सोलर सिस्टम लगाने केंद्र के साथ अब राज्य शासन से भी मिलेगी सब्सिडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 जून।** माइनस में बिजली बिल आना, यह कभी किसी ने सोचा है। हर महीने की बिजली खपत के एवज में बिल आना और उसका भुगतान यह तो सालों से चलती आ रही प्रक्रिया है। लेकिन कोई ऐसी व्यवस्था हो जिससे बिजली का बिल माइनस में आए। अर्थात आप जिस बिजली का उपयोग कर रहे हों उसका बिल न आए, बल्कि अगले महीने के बिल से भी कुछ राशि की कटौती एडवांस में हो जाए। पहले यह सोचना मुमकिन नहीं था लेकिन आज पीएम सूर्यघर योजना से यह संभव हो पा रहा है। उपभोक्ताओं के बिजली के बिल अप्रैल, मई जैसे भीषण गर्मी के महीनों में भी



मायनस में आ रहे हैं, जबकि इन महीनों में खपत कई गुना बढ़ जाती है। इस योजना के माध्यम से उपभोक्ता अब अपने घर की छतों में छोटा सोलर बिजली घर लगाकर बिजली भी पैदा कर रहे हैं। जितनी बिजली की घर में खपत है उतना उपयोग किया, बाकी बिजली विद्युत विभाग के ग्रिड में ट्रांसफर कर दिया। विभाग उपभोक्ता से ली बिजली का अगले बिजली के बिल में एडजस्ट कर देता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के माध्यम से किफायती बिजली उपलब्ध कराना है। पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर सिस्टम लगाने शासन से सब्सिडी मिलती है जो सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में सब्सिडी जमा कर दी जाती है। साथ ही, उन्हें सस्ती दरों पर बैंक लोन भी मिलता है। इस योजना से लोगों के बिजली के बिल कम हो रहे हैं और उनकी बचत बढ़ रही है। यह स्थायी ऊर्जा समाधान की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में इस योजना को व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 30 हजार तक की सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इस योजना से जुड़कर लाभार्थी अपने घर की छतों पर सोलर सिस्टम लगाकर बिजली उत्पादन कर सकेंगे। उनका यह सिस्टम बिजली विभाग की ग्रिड से जुड़ा होगा। उत्पादित बिजली से खपत के बाद जो बिजली बचेगी वह ग्रिड में ट्रांसफर हो जाएगी। जो बिजली बिल में समायोजित हो जाएगी। इससे उतनी राशि बिजली बिल से घट जाएगी और उपभोक्ता को सीधे आर्थिक बचत के रूप में लाभ मिलेगा।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 15 तक आवेदन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 जून।** मुख्य नगरपालिका परिषद कांकेर अंतर्गत बरदेभाठा में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान को संचालित करने के लिए आबंटन किये जानसे हेतु खाद्य अधिकारी कांकेर द्वारा 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, महिला स्व-सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य पंजीकृत सहकारी समितियों जो शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित करने के इच्छुक हैं, वे संस्था या समूह निर्धारित प्रारूप में भरकर बैंक खाता, जमा राशि जानकारी की छायाप्रति, पंजीयन की छायाप्रति, संचालकर सहित कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा कांकेर में 15 जुलाई सायं 5 बजे तक जमा कर सकते हैं।

### कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर जागरूकता कार्यशाला

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 जून।** महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीजापुर जिले में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से डीएसपी विनीत साहू ने अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 का उद्देश्य महिलाओं को एक ऐसा कार्य वातावरण प्रदान करना है, जहाँ वे सम्मान, गरिमा और सुरक्षा के साथ काम कर सकें।

**करंट से होने वाले हादसों से बचने किया सचेत**

# बिजली विभाग ने जारी की एडवाइजरी, बारिश के मौसम में लाइन-ट्रांसफार्मर से रहें दूर

**दुर्ग, 28 जून।** बारिश के मौसम में बिजली से करंट का खतरा बढ़ जाता है और बिजली के खंभों, एचटी लाइन, तारों और घर पर करंट के कारण कई हादसे देखने को मिलते हैं। इन हादसों में कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। इसका कारण जानकारी का अभाव है। इससे बचने के लिए विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने जनता को आगाह करते हुए कहा है कि जरा सी असावधानी की वजह से करंट बड़ी घटना का कारण बन सकती है। इसलिए विद्युत लाइनों, ट्रांसफॉर्मर और उपकरणों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें, सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

**इमरजेंसी में टोल फ्री नंबर में कॉल करें:** यदि आंधी-तूफान में खंबे, तार आदि टूटे हों, तो इसकी सूचना तत्काल कंपनी के टोल फ्री नं. 1912 पर, मोर बिजली एप एवं समीप के वितरण केन्द्र या जोन कार्यालय में दें।

बारिश में बिजली के खंभों, तारों, और ट्रांसफॉर्मर से दूर रहें और किसी भी क्षतिग्रस्त लाइन या उपकरण को न छुएं। यदि आपको करंट लगने की आशंका है, तो तुरंत बिजली विभाग को सूचित करें।जहां बिजली के तार या उपकरण हो वहां बारिश के पानी में करंट फैल सकता है, इसलिए पानी में न चलें या न तैरें। बिजली के उपकरणों का उपयोग करते समय, सुनिश्चित करें कि आपके पैर सूखे हों और आप रबर या प्लास्टिक के जूते पहने हों।

इस तरह की सावधानियां को ध्यान में रखते हुए बरसात के मौसम में बिजली से सतर्कता बरतनी चाहिए। बरसात के मौसम की शुरुआत के साथ ही बिजली विभाग सतर्क हो गया है।




### इन बातों का रखे ध्यान

- » विभाग बारिश से पहले सभी फीडरों, ट्रांसफार्मरों और तारों की जांच कर चुका है। लेकिन नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही जरूरी है। हादसों को रोकने के लिए उपभोक्ताओं को भी कुछ बातें ध्यान रखना आवश्यक है-
- » विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए घरों और खेतों आदि में बिजली के गुणवत्तापूर्ण उपकरणों का उपयोग करें।
- » बाड़ी , खेतों की बाड़ , कंटीले तार आदि में विद्युत प्रवाहित न करें। यह अनाधिकृत है, इससे किसी की जान भी जा सकती है एवं विभाग द्वारा खेत या बाड़ी के मालिक पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।
- » विद्युत लाईनों, उपकरणों/ट्रांसफॉर्मर आदि में खराबी आने पर अनाधिकृत रूप से उनको सुधारने का प्रयास न करें। ऐसी स्थिति में विभाग के संबंधित कर्मचारी , अधिकारी को सूचित करें।
- » बिजली की लाईनों के नीचे और उनके समीप बिल्कुल स्थायी अथवा अस्थायी निर्माण ना करें। विद्युत लाईनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।
- » यदि बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिरा पाया जाता है , तो उससे दूर रहे तथा अन्य व्यक्तियों को भी दूर रहने की सलाह दें। इसकी जानकारी तुरंत संबंधित लाइनमैन , कनिश्ठ अभियंता को देकर विद्युत प्रवाह बंद करावें।

## एक नजर

### रोहित शर्मा बोले- टी-20 वर्ल्डकप में ऑस्ट्रेलिया से बदला लिया



**मुम्बई, 28 जून (एजेंसी)।** रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया को हराने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा सुपर-8 मैच में ऑस्ट्रेलिया को हारकर पूरी टीम ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल का बदला लिया था। स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में रोहित शर्मा ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर की फाइनल हार का गुस्सा उनके और पूरी टीम के मन में था। इसके बाद टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया था। इस मैच में रोहित ने 92 रनों की पारी खेली थी। जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया था।

**मन में थी 19 नवंबर की चिढ़न:** रोहित ने कहा 2023 वर्ल्ड कप में हमने शानदार खेल दिखाया लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हमें हरा दिया। 19 नवंबर की चिढ़न हमेशा से मेरे और टीम के मन में थी। उन्होंने कहा, गुस्सा तो हमेशा था। ऑस्ट्रेलिया ने हमारा 19 नवंबर खराब कर दिया था।

### ऋषभ पंत लगातार तीसरा शतक लगाकर बना सकते हैं इतिहास

**लंदन, 28 जून (एजेंसी)।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत एक और शतक के साथ डॉन ब्रैडमैन, राहुल द्रविड़ और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हो सकते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में 2 जुलाई से दूसरा टेस्ट शुरू होगा। लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पंत ने दोनों इनिंग में सेंचुरी लगाई थी। उन्होंने पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे। हालांकि भारत यह मैच 5 विकेट से हार गया था। अगर पंत एजबेस्टन टेस्ट में एक और शतक लगाते हैं, तो वे इंग्लैंड में लगातार 3 टेस्ट शतक लगाने वाले सिर्फ सातवें विदेशी बल्लेबाज बन जाएंगे। इस लिस्ट में अब तक डॉन ब्रैडमैन, वॉरेन बार्डस्ले, चार्ल्स मैकार्टनी, राहुल द्रविड़, ब्रायन लारा और डेरिल मिचेल शामिल हैं। राहुल द्रविड़ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय हैं, जिन्होंने 2002 में नॉटिंघम (115 रन), लीड्स (148 रन) और द ओवल (217 रन) में लगातार शतक लगाए थे। डेरिल मिचेल ने 2022 में लॉर्ड्स (108 रन), नॉटिंघम (190 रन) और लीड्स (109 रन) में यह कारनामा किया।



# बारबडोस टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया

## हेजलवुड ने मैच में 7 विकेट लिए, हेड ने दोनों पारियों में अर्धशतक लगाया, जोसेफ ने 9 विकेट लिए

**केंसिंग्टन, 28 जून (एजेंसी)।** बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के 5 विकेट की बदौलत वेस्टइंडीज को 141 रन पर ऑलआउट कर दिया। नाथन लायन ने दिन की आखिरी दो गेंदों पर लगातार 2 विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 310 रन बनाए ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 310 रन बनाए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। टीम पहली पारी में मात्र 180 रन पर ऑलआउट हो गई। ट्रैविस हेड ने दोनों पारी में फिफ्टी लगाई। उन्होंने पहली पारी में 59 रन और दूसरी पारी में 50 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

हेड के अलावा दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए एलेक्स कैरी ने 65 रन और ब्यू वेबस्टर ने 63 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के शमार जोसेफ ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज के 7 खिलाड़ी डबल डिजिट में नहीं पहुंचे वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 190 रन बनाए। टीम को 10 रन की बढ़त मिली। कैरिबियाई टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 301 रन का टारगेट दिया। वेस्टइंडीज के 7 खिलाड़ी डबल डिजिट में रन नहीं बना पाएं और टीम 141 रनों पर ही सिमट गई। आखिरी विकेट के लिए शमार जोसेफ (44 रन) और जस्टिन ग्रीव्स (38 रन नाबाद) ने 55 रनों की पार्टनरशिप की। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए। इनके अलावा नाथन लायन ने 2, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को एक- एक विकेट मिला। शमार जोसेफ ने दोनों पारियों में 9 विकेट लेने के साथ ही दूसरी इनिंग में 44 रन की भी पारी भी खेली।



# टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट से पहले प्रैक्टिस की

- बुमराह और कृष्णा शामिल नहीं हुए, लीड्स टेस्ट में 5 विकेट से हार मिली थी



**लंदन, 28 जून (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन में नेट सेशन किया। लीड्स टेस्ट में 5 विकेट से मिली हार के बाद प्लेयर्स का यह पहला प्रैक्टिस सेशन था। शुभमन गिल की कप्तानी टीम सुबह 9:15 बजे मैदान पर पहुंची और 3 घंटे तक प्रैक्टिस किया।

बुमराह और प्रसिद्ध ने हिस्सा नहीं लिया इस प्रैक्टिस सेशन में पेसर जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने हिस्सा नहीं लिया, हालांकि वह टीम के साथ ग्राउंड आए थे। वर्कलोड के चलते जसप्रीत बुमराह का दूसरे टेस्ट खेलना मुश्किल है।

सिराज ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया मोहम्मद सिराज ने केवल बल्लेबाजी का अभ्यास किया। उन्होंने कोच सितांशु कोटक के साथ करीब 30 मिनट तक गेंद को छोड़ने, खेलने की तकनीक पर काम किया। अर्शदीप सिंह और आकाशदीप ने गेंदबाजी कोच से बात की अर्शदीप सिंह और आकाश दीप ने बल्ले और गेंद दोनों से लंबे समय तक अभ्यास किया। दोनों को मुख्य कोच गौतम गंभीर और सपोर्ट स्टाफ ने करीब से देखा। अर्शदीप ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के साथ अपने रन-अप, बैक-फुट लैंडिंग और तकनीक को बेहतर करने पर ध्यान दिया। आकाश दीप और अर्शदीप को मिल सकती है जगह दूसरे टेस्ट में आकाश दीप और अर्शदीप को मौका मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एजबेस्टन टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है।

### काम नहीं आया फ्लिंटॉफ के बेटे का अर्धशतक

# वैभव के तूफान से भारत ने इंग्लैंड को 6 विकेट से पटका

**नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसी)।** गेंदबाजों के दमदार खेल के बाद वैभव सूर्यवंशी की तूफानी पारी के दम पर भारत की अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को पहले वनडे मैच में इंग्लैंड की अंडर-19 टीम को छह विकेट से हरा दिया। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड को बड़ा स्कोर खड़ा नहीं करने दिया और पूरी टीम 42.2 ओवरों में 174 रनों पर ही ढेर हो गई। भारत ने ये टारगेट 24 ओवरों में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

वैभव ने इस मैच में एक बार फिर अपनी तूफानी बल्लेबाजी दिखाई और जीत की इबारत लिखी। उन्होंने 19 गेंदों पर 48 रन बनाए जिसमें तीन चौके और पांच छक्के शामिल रहे। उनके अलावा अभिज्ञान कुंडू ने 45 रनों की नाबाद पारी खेल जीत की औपचारिकताओं को पूरा किया।

**वैभव ने मचाया कोहराम:** वैभव ने कप्तान आयुश महात्रे के साथ मिलकर टीम को तूफानी शुरुआत दी। इसमें वैभव का बल्ला ज्यादा तेजी से चला। आयुष आराम से खेल रहे थे तो वैभव चौके-छक्कों की बारिश कर रहे थे। दोनों ने मिलकर 7.3 ओवरों में 71 रन ठोक दिए। यहां सूर्यवंशी आउट हो गए। उनके बाद कप्तान आयुष भी 79 रनों के स्कोर पर पवेलियन लौट लिए। उन्होंने 30 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 21 रनों की पारी खेली। मौलायाराजसिंह चावड़ा ने 15 गेंदों पर 16 रन बनाए। उनके बाद विहान मल्होत्रा भी पवेलियन लौट लिए। उन्होंने 18 रन बनाए। अभिज्ञान और राहुल कुमार ने अंत में नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाई।



#### फ्लिंटॉफ का अर्धशतक

इससे पहले इंग्लैंड की टीम के पूर्व ऑलराउंडर एड्रंयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी ने अर्धशतकीय पारी खेली जो काम नहीं आ सकी। टीम के छह बल्लेबाज दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके। बीजे डॉकिंस और इसाक मोहम्मद ने पहले विकेट के लिए 39 रन जोड़े। डॉकिंस को हेनिल पटेल ने अपना शिकार बनाया। वह 18 रन ही बना सके। उनके जाने के बाद बेन मायेस और मोहम्मद ने 42 रनों की पारी खेलते हुए इंग्लैंड को संभाला। मोहम्मद इनान ने इसाक को पवेलियन भेज भारत को दूसरी सफलता दिलाई।

# बॉक्सिंग वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## 20 में से 16 हरियाणा के खिलाड़ी, महिला टीम में प्रदेश से 9 प्लेयर

**रेवाड़ी, 28 जून (एजेंसी)।** कजाकिस्तान में 30 जून से 7 जुलाई तक होने वाले बॉक्सिंग वर्ल्ड कप के लिए बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने टीम इंडिया की घोषणा कर दी है। महिला और पुरूष वर्ग के 10 भारवर्ग में इंडिया टीम हिस्सा लेंगी। कजाकिस्तान जाने वाली टीम में हरियाणा के 16 बॉक्सर शामिल हैं।

**महिला वर्ग में 9 खिलाड़ी हरियाणा से:** इंडिया की महिला टीम में शामिल 10 बॉक्सरों में से 9 हरियाणा की रहने वाली हैं। जिसमें भिवानी की बॉक्सर जैस्मिन लंबोरिया, नुपुर श्योराण, पूजा रानी बोहरा और साक्षी ढांडा, रोहतक की मीनाक्षी हुड्डा, मुस्कान बैनीवाल और अनामिका हुड्डा शामिल है। चरखी दादरी की नीरज फौगाट और संजू शामिल हैं। वहीं सनमाचा चानू मणिपुर की रहने वाली है।

**पुरुष वर्ग में हरियाणा के 7 बॉक्सर:** झज्जर के हितेश गुलिया, भिवानी के बॉक्सर सचिन सिवाच जूनियर हवलदार, मिताथल के जुगनू अहलावत हवलदार, चरखी दादरी के लक्ष्य चाहर हवलदार और हिसार के नरेंद्र बेरवाल हवलदार, विशाल वालिया के अलावा मनीष राठौर, हरियाणा के रहने वाले हैं। इसके अलावा टीम में अभिनाश जामवाल, जादूमणि, निखिल दूबे को शामिल किया गया है।

**ब्राजील में आए थे 6 मेडल:** ब्राजील में हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के पहले चरण में भारत ने 6 मेडल जीते थे। हरियाणा के हितेश गुलिया (70) ने गोल्ड, अभिनाश जामवाल (65) ने सिल्वर और जादूमणि सिंह (50), मनीष राठौड़ (55), सचिन (60) और विशाल (90) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रनों से हराया




**कोलंबो, 28 जून (एजेंसी)।** श्रीलंका ने बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में पारी और 78 रनों से करारी शिकस्त दी है। प्रभात जयसूर्या के 5 विकेटों की बदौलत बांग्लादेश 133 रनों पर सिमट गया। पथुम निशांका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ़ द मैच और सीरीज का खिताब अपने नाम किया। श्रीलंका ने 1-0 से सीरीज़ अपने नाम कर ली। प्रभात जयसूर्या ने श्रीलंका को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश पर पारी और 78 रनों से जीत दिलाई। उन्होंने चौथे दिन शनिवार को आधे घंटे के भीतर मैच समाप्त कर दिया और 1-0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया। बाएं हाथ के स्पिनर को टर्निंग ट्रैक पर खेलना मुश्किल था, उन्होंने दूसरी पारी में 56 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर ढेर हो गई। इस तरह श्रीलंका ने पारी और 78 रन से मुकाबला अपना नाम कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज पथुम निशांका को चुना गया।

## व्यापार

### जोखिम भरे एवी1 बॉन्ड बिक्री पर भारी बवाल

**नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसी)।** भारत का सबसे बड़ा निजी बैंक एचडीएफसी बैंक जोखिम भरे ꣲ1 बॉन्ड बिक्री और निवेशकों को करोड़ों का नुकसान होने के मामले में अब संयुक्त अरब अमीरात में नियामकीय जांच के घेरे में है। बैंक पर आरोप है कि उसने उच्च जोखिम वाले क्रेडिट सुइस बॉन्ड खुदरा निवेशकों को बेचे, जिनमें से कई ने स्विस बैंक के पतन के दौरान अपनी पूरी जीवनभर की बचत गंवा दी। कई निवेशकों ने आरोप लगाया है कि उनकी वित्तीय प्रोफाइल में हेरफेर कर उन्हें पेशेवर निवेशक दिखाया गया। बैंक ने सभी आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि उसके पास ग्राहकों को उत्पाद की विशेषताएं और जोखिम समझाने की मजबूत प्रक्रिया मौजूद है। वहीं, आंतरिक सूत्रों के मुताबिक, इस विवाद के बाद दुबई स्थित एचडीएफसी बैंक के ऑफशोर हेड को अचानक बदला गया है, और डीआईएफसी शाखा के एक दर्जन से ज्यादा रिलेशनशिप मैनेजरों ने हाल के महीनों में इस्तीफा दे दिया है। खलीज टाइम्स की रिपोर्ट और उसकी ओर से समीक्षा किए गए दस्तावेज़ों और कानूनी नोटिसों से पता चला है कि ग्राहकों को एक जटिल, उच्च जोखिम वाला साधन दुबई वित्तीय सेवा प्राधिकरण नियमों के तहत आवश्यक वित्तीय या विशेषज्ञता सीमा पूरी नहीं करने के बावजूद अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड बेचे गए थे।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही गिरावट

## सोना 2907 गिरकर 95784 पर आया, चांदी 1582 कम होकर 1.05 लाख रुपए किलो बिक रही

**नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसी)।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 21 जून को सोना 98,691 रुपए पर था, जो अब (28 जून) को 95,784 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,907 रुपए कम हुई है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 1,06,775 रुपए पर थी, जो अब 1,05,193 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 1,582 रुपए कम हुई है।

**इस साल अब तक 19,622 महंगा हुआ सोना :** इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,622 रुपए बढ़कर 95,784 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 19,176 रुपए बढ़कर 1,05,193 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ꣲढ्ढ कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- ꣲ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।



#### भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत

**दिल्ली:** 24 कैरेट सोने की कीमत 97,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450

**मुंबई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300

**कोलकाता:** 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300

**चेन्नई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300

**भोपाल:** 24 कैरेट सोने की कीमत 97,470 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350

# आईपीओ की सुनामी के लिए रहिए तैयार

## जेएसडब्ल्यूएल सीमेंट और एनएसडीएल समेत 74 कंपनियां हैं कतार में

**नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसी)।** प्राइमरी मार्केट में आने वाले समय में आईपीओ की झड़ी लगने वाली है। 74 कंपनियों के पास सेबी से आईपीओ लॉन्च करने की मंजूरी है। ये कंपनियां कभी भी अपना इश्यू लॉन्च कर सकती हैं।

74 कंपनियों को आईपीओ लॉन्च करने की अप्रूवल मिल चुकी है।

अगर आप आईपीओ में इन्वेस्ट करना पसंद करते हैं, तो पैसा तैयार रख लें। आने वाले दिनों में आपको बड़ी संख्या में आईपीओ देखने को मिलेंगे। 2025 के शुरुआती कुछ महीने सुस्त रहने के बाद आईपीओ मार्केट में फिर से तेजी देखी जा रही है। इस समय 12 कंपनियों के आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुले हुए हैं। भारतीय शेयर बाजार में तेजी के साथ ही प्राइमरी मार्केट में भी हलचल बढ़ गई है।

आने वाले दिनों में आईपीओ की झड़ी लगने वाली है। प्राइम डेटाबेस के अनुसार, करीब 74 कंपनियों के पास आईपीओ लॉन्च करने के लिए सेबी की अप्रूवल है। ऐसे में आने वाले महीनों में बड़ी संख्या में आईपीओ देखने को मिलेंगे। क्रूड ऑयल की कीमतों में गिरावट, रेट कट, रुपये में स्थिरता, अच्छा मानसून और ग्लोबल लिक्विडिटी की वापसी कुछ ऐसे फैक्टर्स हैं, जिन्होंने पूंजी जुटाने के लिए एक अच्छा माहौल बना दिया है।

एनएसडीएल, हीरो फिनकॉर्प, जेएसडबल्यू सीमेंट, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, केंट आरओ सिस्टम्स, ब्लूस्टोन्स जूलरी और विक्रम सोलर जैसी बड़ी कंपनियां आईपीओ की तैयारी कर रही हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का 15,000 करोड़ का आईपीओ लाने का प्रपोजल है। ऐसा होता है, तो यह साल 2025 की सबसे बड़ी लिस्टिंग होगी।




इन कंपनियों को मिल गई है सेबी से IPO की मंजूरी

जिन कंपनियों को सेबी से आईपीओ की मंजूरी मिल गई है, उनमें एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (15,000 करोड़), विक्रम सोलर (7000 करोड़), क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज (5000 करोड़), डॉर्फ केटल केमिकल्स (5000 करोड़), जेएसडबल्यू सीमेंट (4000 करोड़), एसएमपीपी लिमिटेड (4000 करोड़), हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड (3,668 करोड़), कॉन्टिनम ग्रीन एनर्जी (3,650 करोड़), एनएसडीएल (3,400 करोड़), एंथम बायोसाइंस (3,395 करोड़), मंजूश्री टेक्नोपैक (3000 करोड़), वेरिटास फाइनेंस (2,800 करोड़), ईकॉम एक्सप्रेस (2600 करोड़), एसके फाइनेंस (2,200 करोड़) और ट्रैवल फूड सर्विसेज (2,000 करोड़) समेत कई कंपनियां शामिल हैं।

# सस्ते में खरीदना है घर तो आजमाएं ये टिप्स, फायदे में रहेंगे आप

अगर आप कम कीमत में घर खरीदना चाहते हैं, तो रेडी टू मूव घर की तुलना में अंडर कंस्ट्रक्शन घर खरीदें। ऐसे घर पर आपको अच्छा-खासा डिस्काउंट मिल जाएगा।

हर किसी का सपना होता है कि उसका अपना एक घर हो। घर आमतौर पर व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी खरीदारी होती है। कुछ लोग इसके लिए वर्षों से पैसा जोड़ते रहते हैं, तो कुछ होम लोन का सहारा लेते हैं। जब आप इतनी बड़ी शॉपिंग कर रहे हैं, तो आपको जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। सोच-समझकर और अच्छे से वेरीफाई करके आपको यह डील करनी चाहिए। कई बार लोग जल्दबाजी में ऐसे फैसले ले लेते हैं, जिनसे बाद में पछताना पड़ता है। आइए जानते हैं कि घर खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

#### डॉक्यूमेंट्स की कर लें जांच

घर खरीदते समय डॉक्यूमेंट्स की अच्छे से जांच कर लें। सिर्फ रजिस्ट्री होने से ही आप घर के मालिक नहीं बन जाते हैं। पिछली सेल डीड या चेन डीड चेक करें। देखें कि पिछले मालिकों ने घर या जमीन को लीगल तरीके से खरीदा है या नहीं। किसी हाउसिंग प्रोजेक्ट में घर खरीद रहे हैं, तो पता कर लें कि डिवेलपर ने सभी परमिशन कानूनी रूप से प्राप्त की हैं या नहीं। यह भी देख लें कि प्रॉपर्टी पर कोई पुराना लोन या लीगल केस तो नहीं है। हाउसिंग प्रोजेक्ट में घर खरीद रहे हैं तो रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के बारे में भी जान लें।

**कितने बड़े घर की है जरूरत:** घर लाइफटाइम का सौदा होता है। इसलिए न तो ज्यादा सस्ता घर खरीदें और न ही ज्यादा महंगा। हमेशा अपने बजट के हिसाब से घर खरीदें, इससे आप पर फाइनेंशियल बर्डन नहीं पड़ेगा। घर खरीदने से पहले एक बजट तय करें। यह भी तय करें कि आपको कितने बड़े घर की जरूरत है। फिर अपनी जरूरत के साइज का और अपने बजट में आने वाला घर खोजें।

**लोन लेते समय यह बात रखें ध्यान:** अगर आप होम लोन ले रहे हैं, तो ज्यादा से ज्यादा डाउन पेमेंट करने की कोशिश करें। अगर आपका क्रेडिट स्कोर अच्छा है, तो आपको घर की कीमत का 90% लोन मिल सकता है। लोन लेने से पहले विभिन्न बैंकों के ऑफर्स जान लें, और जहां सबसे कम रेट हो, वहीं से लोन लें। होम लोन लेते समय अपनी मौजूदा सैलरी के साथ-साथ इसका भी आंकलन करें कि भविष्य में आपकी सैलरी कितनी बढ़ सकती है और आपकी जॉब कितनी सुरक्षित है। इन सबको देखते हुए ही EMI होनी चाहिए, जिससे आपके दूसरे खर्चे प्रभावित नहीं हों।

**दलाल का कमीशन बचाएं:** घर खरीदने के लिए सीधे डिवलेपर या सेलर से संपर्क करें। आपके जो दोस्त या जानने वाले पहले घर खरीद चुके हैं, उनसे चर्चा करें। वे आपको बिक्री के लिए उपलब्ध घरों के बारे में बता सकते हैं। अगर बीच में दलाल होगा तो वह डेढ़ फीसदी कमीशन लेगा। दलाल घर बेचने वाले से भी करीब 1 फीसदी कमीशन लेते हैं। घर बचने वाले यह लागत खरीदार से ही वसूलते हैं। ऐसे में आपको 2.5 से 3 फीसदी कमीशन देना पड़ जाएगा। यह कमीशन बचाने की कोशिश करें।

**प्रॉपर्टी का सही रेट पता करें:** प्रॉपर्टी का सही रेट पता करने के लिए आप उस एरिया के लोगों से बात करें। इसके अलावा आपको घर की उम्र भी देखनी चाहिए। किसी भी घर की अधिकतम उम्र 70 से 80 साल मानी जाती है। घर पुराना होगा, तो नई प्रॉपर्टी की तुलना में उसकी कीमत कम होगी। ऐसे में आप जमीन की वैल्यू भी देखें। आप चाहें तो स्ट्रक्चरल इंजीनियर की मदद ले सकते हैं। पूरी पड़ताल करने के बाद सेलर से चर्चा करके सौदे को किफायती बनाएं।

**रेडी टू मूव घर होते हैं महंगे:** अगर आप सस्ती डील चाहते हैं तो रेडी टू मूव घर की बजाए अंडर कंस्ट्रक्शन घर खरीदें। रेडी टू मूव घर अधिक महंगे होते हैं। वहीं, अंडर कंस्ट्रक्शन घरों के सौदे में आपको अच्छा-खासा डिस्काउंट मिल जाएगा। कई सेलर्स फेस्टिव सीजन में अच्छे ऑफर्स भी देते हैं। इनका भी फायदा उठा सकते हैं।

**ग्रुप में घर खरीदें:** 2-4 ग्राहक मिलकर एक ही प्रोजेक्ट में घर खरीदें, तो डिवेलपर अच्छा-खासा डिस्काउंट दे सकता है। इसके अलावा आप एकमुश्त पेमेंट करते हैं, तो भी आपको एक्स्ट्रा डिस्काउंट मिल जाएगा।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

### -: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन/सड़क कार्य हेतु दिनॉक 11.07.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 54 | 170870 | अनुविभाग पखांजूर मे कर्मचारियों हेतु 02 नग 'एच' टाईप एवं 02 नग 'जी' टाईप आवासगृह निर्माण कार्य। | 49.66 लाख |
| 02 | 55 | 170872 | जिला कांकेर के पंखाजूर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था एवं छात्रावास का विशेष मरम्मत कार्य। | 13.29 लाख |
| 03 | 56 | 170873 | लो.नि.वि. अंतागढ़ अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 19.99 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

**ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है।** (स.क्र. 03 के लिए)

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 11.07.2025 है।**

**नोट:- द्वितीय आमंत्रण (स.क्र. 01 एवं 02)**
**तृतीय आमंत्रण (स.क्र. 03)**

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

जी-252601830/3

# भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 जुलाई से मैनपाट में होगा

## अमित शाह और जेपी नड्डा भी रहेंगे मौजूद

**रायपुर, 28 जून।** उत्तर छत्तीसगढ़ सरगुजा तीन दिनों तक राजनीतिक पाठशाला का केंद्र बिंदु रहेगा. सरगुजा के मैनपाठ में भाजपा के नेता संगठन और सत्ता के बीच राजनीति का पाठ पढ़ेंगे. इस राजनीति पाठशाला बतौर मास्टर जेपी नड्डा और अमित शाह दिल्ली से आएंगे. पाठशाला कहाँ और किस तरह से लगाई जाएगी इसकी तैयारियां पार्टी के नेताओं से शुरू कर दी है. प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के साथ प्रदेश पदाधिकारियों ने मैनपाट में प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया.





**नड्डा सहित दिग्गज नेताओं का मिलेगा मार्गदर्शन**-जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने बताया कि सत्ता और संगठन के बीच तालमेल स्थापित करने के साथ अन्य मुद्दों पर शिविर आयोजित किया गया है. मैनपाट के तिब्बती मॉनेस्ट्री हॉल में होने वाली बैठक में भाजपा के सभी सांसद, विधायक उपस्थित रहेंगे. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा सरगुजा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, पवन साय सहित सभी दिग्गज नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा. ।

### सत्ता और संगठन के लिए तीन दिन अहम

दरअसल भाजपा का प्रदेश प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 से 9 जुलाई तक सरगुजा के मैनपाट में आयोजित है. इस शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे. वहीं शिविर का समापन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे. तीन दिनों तक आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सत्ता और संगठन के लिए काफी अहम माना जा रहा है.

## एक नजर

### 3 सगी बहनों पर पुरानी रंजिश में चापड़ से हमला, कोरबा से आरोपी अमन पटेल गिरफ्तार

**बिलासपुर, 28 जून।** न्यायधानी बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र में तीन सगी बहनों पर चापड़ से हमला किया गया. हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए. इलाज के लिए उन्हें सिम्स अस्पताल लाया गया. पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए आरोपी अमन पटेल को कोरबा से गिरफ्तार कर लिया है. घायलों की पहचान उर्मिला, प्रमिला और सरिता श्रीवास के रूप में हुई है. तीनों बांकीमोगरा थाना क्षेत्र के बहतराई भूकंप ऑफिस के पास स्थित अटल आवास में किराए पर रहती थी और रजाई-गद्दा की दुकान में काम करती थी. शुक्रवार रात अज्ञात हमलावरों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल अवस्था में तीनों को इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मामले की जांच में जुटी पुलिस ने आरोपी अमन पटेल को कोरबा से गिरफ्तार कर लिया है.

### साय केबिनेट की अगली बैठक 30 को

**रायपुर, 28 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार की विष्णुदेव साय कैबिनेट की अगली बैठक 30 जून को मंत्रालय में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में वर्तमान मानसून की स्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा की संभावना है। विशेष रूप से किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता, डीएपी की कमी, कृषि कार्यों की तैयारी और राहत के उपाय जैसे अहम मुद्दों पर निर्णय लिया जा सकता है। वहीं 30 जून को ही मौजूदा मुख्य सचिव अमिताभ जैन का आखिरी कार्यदिवस भी हैं। ऐसे में उन्हें विदाई भी दी जायेगी। वहीं सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में नए मुख्य सचिव से औपचारिक रूप से कैबिनेट को परिचित कराया जाएगा। बता दें कि 89 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमिताभ जैन 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। वे राज्य में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्य सचिवों में गिने जाते हैं, जिन्होंने चार वर्षों से अधिक समय तक इस पद पर कार्य किया। उनके स्थान पर संभावित नामों में रेणु पिल्ले (91 बैच), सुब्रत साहू (91 बैच), मनोज पिंगुवा (94 बैच), रिचा शर्मा (94 बैच) और केंद्र सरकार में सचिव पद पर कार्यरत अमित अग्रवाल (93 बैच) के नाम सामने आ रहे हैं।

### शिक्षकों की कमी से भड़के पालकों ने स्कूल में जड़ा ताला

**नगरी, 28 जून।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में नगरी ब्लाक के स्कूलों में एक के बाद एक कहीं शिक्षक को हटाने तो कहीं शिक्षक की मांगों को लेकर ताला बंदी दौर जारी है। शनिवार को नगरी के प्रायोगिक शाला में शिक्षक की कमी को लेकर ताला बंदी करने का मामला सामने आया । नगरी के प्रायोगिक शाला अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पालकों और शाला प्रबंधन समिति ने ताला जड़ दिया है। यहां पहली कक्षा से पांचवी तक की कक्षाएं संचालित होती हैं। जहां बच्चों की दर्ज संख्या करीब 125 है। बताया जा रहा है कि, यहां कुल चार शिक्षक थे जिसमें से दो व्यवस्था में थे जिन्हें उनके मूल शाला वापस भेज दिया गया है। ऐसे में अब प्रायोगिक शाला अंग्रेजी माध्यम नगरी में दो ही शिक्षक रह गए हैं। जिससे नाराज पालकों ने शिक्षकों की मांग को स्कूल के गेट में ताला जड़ दिया है। बता दें कि, हाल ही में कुछ दिन पहले बोकराबेड़ा में एक शिक्षक को हटाने को लेकर पालकों ने स्कूल में ताला बंदी किया था।

### महापौर-पालिका अध्यक्षों को प्रशिक्षण देने हरियाणा में 4 से प्रशिक्षण

**रायपुर, 28 जून।** देश के महापौरों एवं नगर पालिकों अध्यक्षों को संविधानिक रूप से लोकतंत्र मजबूत करने के लिए हरियाणा के गुरु ग्राम में 4 जुलाई से प्रशिक्षण शुरू होगा। नगरीय निकाय विभाग से मिली जानकारी के अनुसार देशभर के नगर निगमों के महापौर, पालिका पंचायतों के अध्यक्ष गुरुग्राम (हरियाणा) में लोकतंत्र और राष्ट्र को मजबूत करने गुर सीखेंगे। महापौरों और अध्यक्षों के इस सम्मेलन के लिए छग से 11 जनप्रतिनिधियों को चुना गया है। इसमें 3 नगर निगमों के महापौर, 4 नगर पालिकाओं और 4 नगर पंचायतों के अध्यक्ष शामिल है। 3 और 4 जुलाई को सभी हरियाणा में संविधानात्मक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण को मजबूत करने में नगरीय निकायों की भूमिका पर मंथन करेंगे।

# पीएम आवास में लापरवाही करने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई

### 5,103 पीएम आवासों की दो महीने में नींव तक नहीं पड़ी



**रायपुर, 28 जून।** अगले माह तक यदि शहरों के लिए मंजूर किए गए पीएम आवास का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो अफसरों पर कार्रवाई होगी। राज्य शासन ने सभी नगर निगम आयुक्तों, नगर पालिका और नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दो टूक शब्दों में इसके लिए चेतावनी दी है। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव ने हर हाल में जुलाई माह में पीएम आवास बनाने का काम शुरू करने के लिए कहा है। दरअसल, केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के अलग- अलग शहरों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 के तहत 5103 आवास स्वीकृत किए थे। दो महीने पहले मकान स्वीकृत हुए लेकिन अब तक इन आवासों की नींव तक नहीं खोदी गई है और न ही दूसरे कोई काम शुरू हुए हैं। बता दें कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता में 18 जून को केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक हुई थी। इसमें छत्तीसगढ़ को पीएम आवास योजना- शहरी 2.0 के तहत स्वीकृत 5103 आवासों को अविलंब शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। केंद्र के निर्देश के बाद अब राज्य सरकार ने भी सभी नगर निगम आयुक्तों, नगर पालिका और नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कहा है। सबसे ज्यादा आवास बिलासपुर- रायपुर को मिले प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 बीएलसी घटक में सबसे ज्यादा आवास बिलासपुर और रायपुर को मिले हैं। बिलासपुर को 508 और रायपुर को 503 आवास मिले हैं। जबकि भिलाई 462, बीरगांव 304, धमतरी 203, भिलाई चरौदा 187, मुंगेली 170 और अंबिकापुर के लिए 115 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसलिए मिला मं?थली टारगेट बिलासपुर में योजना में कई तरह की गड़बड़ियां मिली। मकान बनाने के लिए मिले पैसे से कई हितग्राहियों ने बाइक खरीद लिए या शादी ब्याह में खर्च कर दिया। कुछ लोगों ने मकान बनाना शुरू किया लेकिन निर्धारित जमीन से अधिक क्षेत्र में बना लिया।

# भविष्यनिधि कार्यालय ने बनाया नया पोर्टल

### मृतक कर्मियों के आश्रितों को मदद देने का वादा

**रायपुर, 28 जून।** भारत शासन के निर्देश पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा एक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा एक नया पोर्टल लांच किया गया है।

क्षेत्रिय भविष्यनिधि आयुक्त गौरव डोगरा ने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने शुक्रवार को तत्कर 2.0 पोर्टल लांच किया। इससे मृत कर्मियों के परिजनों को राशि निकालने में मदद मिलेगी। परिजन इस पोर्टल पर मृत कर्मी का ब्यौरा दर्ज करेंगे। इसके बाद पीएफ, पेंशन और बीमा लाभों के लिए उन्हें बार बार भविष्य निधि कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रायपुर के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त गौरव डोगरा ने कहा कि हमने साथ छुटे तो क्या, सहायता नहीं छूटनी चाहिए की थीम पर इस पोर्टल को शुरू किया है। भविष्य निधि अधिनियम के अंतर्गत रजिस्टर्ड संस्थानों के किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर परिवार का कोई सदस्य, परिजन अथवा संबंधित नियोक्ता पोर्टल पर जाकर सूचना दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद आवेदन की स्थिति को भविष्य निधि कार्यालय भोपाल के जोनल ऑफिस और रायपुर के रिजनल ऑफिस से तब तक ट्रैक किया जाएगा जब तक संबंधित परिवार को रकम का भुगतान ना हो जाए। क्यू आर कोड का स्कैन करके भी तत्कर पोर्टल पर जानकारी ली जा सकती है। ज्ञात रहे रायपुर में भी ईपीएफओ का कार्यालय खुल गया है लेकिन बढ़ती नौकरशाही एवं भर्राशाही के कारण निधि एवं शासकीय संगठनों के कर्मचारियों को अपने नियमित भुगतान के लिए चक्कर काटना पड़ता है।

## समाचार संक्षेप



**राणा नायडू सीजन 2 में बोल्ड और इंटिमेट सीन कहानी के लिए जरूरी : अदिति शेट्टी।**

### प्रशासन की अनदेखी और भूमाफियाओं से तंग किसान ने मांगी इच्छा मृत्यु

**कवर्धा, 28 जून।** इंसाफ की आस में एक किसान इस कदर टूट गया कि उसने कलेक्टर से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी. मामला कबीरधाम जिले में पंडरिया का है, जहां एक किसान वर्षों से अपनी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे से परेशान है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई. कबीरधाम जिले के पंडरिया निवासी किसान मनीष पांडे पिता मदन लाल पांडे बीते कई वर्षों से अपनी कृषि भूमि पर भू-माफिया द्वारा किए गए अवैध कब्जे से मुक्ति पाने के लिए राजस्व विभाग के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं. मनीष पांडे और उनके बड़े भाई आशीष पांडे ने बताया कि उन्होंने कई बार पटवारी, आरआई और राजस्व अधिकारियों को आवेदन दिया, सीमांकन की मांग की, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन और तारीखें ही मिलीं. उन्होंने बताया कि 23 जून 2025 को कलेक्टर कार्यालय से भू-अभिलेख शाखा ने सीमांकन कर प्रकरण का त्वरित निराकरण करने का आदेश भी जारी किया था. आदेश के बाद दो पटवारी और दो आरआई सीमांकन के लिए मौके पर पहुंचे, लेकिन वहां खसरा नंबर में त्रुटि बताकर जांच अधूरी छोड़ वापस लौट गए. इन तमाम वाकयों के बाद निराश किसान मनीष पांडे ने सीधे कलेक्टर कवर्धा के समक्ष पेश होकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी. हालांकि, कलेक्टर ने उन्हें समझाइश दी और भू-माफिया के खिलाफ जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया. लेकिन अब देखना होगा कि क्या जिला प्रशासन और पुलिस ऐसे भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिला पाएंगे?



### पलारी में डायरिया के करीब 30 मरीज अस्पताल में भर्ती

**पलारी, 28 जून।** बलौदाबाजार जिले के नगर पंचायत पलारी क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 1 से 4 तक के वार्डों में उल्टी-दस्त के लक्षणों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। फिलहाल 24 से अधिक मरीजों को पलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। वार्ड क्रमांक 4 में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा पलारी स्वास्थ्य केंद्र में अतिरिक्त बेड लगाए गए हैं। साथ ही आसपास के क्षेत्रों के डॉक्टरों की ड्यूटी भी केंद्र में लगाई गई है, जिससे किसी प्रकार की चिकित्सकीय व्यवस्था में कमी न हो। डॉक्टरों ने लोगों से साफ पानी पीने और ताजा भोजन करने की अपील की है.

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**बिलासपुर, 28 जून।** छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ समय से सड़क हादसों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होते जा रही है। अलग-अलग जिलों में आए दिन हो रहे सड़क हादसों में कई लोग अपनी जान गवां रहे हैं और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। आए दिन हो रहे सड़क हादसों के चलते लोगों के मन में डर बढ़ते जा रहा है और लोग घर से निकलने में भी सोच रहे हैं। इसी बीच न्यायधानी बिलासपुर से एक सड़क हादसे की खबर निकलकर सामने आई है। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकरी के अनुसार, सकरी था क्षेत्र के भरनी के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां एक तेज रफ्तार मालवाहक ने बाइक सवार युवकों को चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयंकर था कि, एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस की टीम ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**एक और सड़क हादसे में मां-बेटे की भी हुई मौत**- वहीं बिलासपुर में हुए एक और सड़क हादसे में मां- बेटे की दर्दनाक मौत हो गई है। बाइक में जा रहे मां बेटे को तेज रफ्तार ट्रेलर ने चपेट में ले लिया। घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई।

# बैज ने की पटवारी सुसाइड मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग

**रायपुर, 28 जून।** भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला मामले में निलंबित पटवारी के आत्महत्या मामने में पीसीसी चीफ दीपक बैज ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है. बैज ने कहा, इस मामले की CBI या ED से जांच करानी चाहिए. उन्होंने कहा, सरकार बड़ी मछलियों को बचाने छोटी मछलियों का शिकार कर रही है. मौत है या आत्महत्या ये जांच का विषय है, लेकिन उनके सुसाइड नोट से पता चलता है कि बड़े-बड़े अधिकारी और बीजेपी के नेता इस घटना में शामिल हैं. मामले की जांच हाईकोर्ट के जज की निगरानी में होनी चाहिए.



**राशन कार्ड सत्यापन की समयावधि बढ़ाने की मांग**- पीसीसी चीफ दीपक बैज ने PDS के राशन कार्डों का kYc से लिंक करने का समय बढ़ाने की मांग सरकार से की है. बैज ने कहा, 30 लाख से अधिक राशन कार्ड धारियों का सत्यापन नहीं हो सका है. इस महीने में अंतिम 3 दिन में सभी कार्डधारियों का सत्यापन संभव नहीं है. राशन कार्ड सत्यापन की समयावधि बढ़ाया जाए, ताकि प्रदेश में कोई गरीब हितग्राही राशन से वंचित न हो.

### मानसून सत्र में कानून व्यवस्था, रेत खनन पर सरकार को घेरेंगे

विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से शुरू होगा. इस पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, कानून व्यवस्था, पेड़ों की कटाई, रेत खनन जैसे मुद्दों को सदन में उठाएंगे. इस मामलों को लेकर कांग्रेस फिर से सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी. मानसून सत्र के दौरान सरकार को घेरेंगे. बता दें कि शुक्रवार को भारतमाला प्रोजेक्ट के मुआवजा निर्धारण में फर्जीवाड़ा मामले में निलंबित पटवारी सुरेश मिश्रा ने अपनी बहन के फार्महाउस में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी. सकरी पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है. जानकारी के अनुसार, सुरेश मिश्रा अयोध्या नगर का रहने वाला था और शुक्रवार सुबह ग्राम जोंकी स्थित अपनी बहन सरस्वती दुबे के फार्महाउस गया था. काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजन वहां पहुंचे तो सुरेश का शव कमरे में पंखे से लटका मिला.

# पीएम आवास में गड़बड़ी, आदिवासी के नाम से आवेदन कर अपनी पत्नी के नाम कर लिया आवास

### कांग्रेस पार्षद की कलेक्टर से शिकायत

**कवर्धा, 28 जून।** जिला मुख्यालय से लगे पांडातराई नगर पंचायत एक बार फिर चर्चा में है. इस बार वार्ड क्रमांक 10 के कांग्रेसी पार्षद प्रदीप जायसवाल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ा घोटाला करने का गंभीर आरोप लगा है. पार्षद पर हितग्राही के नाम से आवेदन कर आवास अपने पत्नी सरिता जायसवाल के नाम करवाने और सरकारी राशि का दुरुपयोग करने की शिकायत सामने आई है. शिकायतकर्ताओं में शामिल सागर कोरी, पुष्पेंद्र पटेल और जसबीर सलूजा सहित अन्य स्थानीय लोगों ने इस पूरे मामले को उजागर करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए पार्षद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

**आदिवासी की जमीन पर बना लिया पीएम आवास?**-शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, पार्षद प्रदीप जायसवाल ने वार्ड 4 के एक गरीब आदिवासी परिवार की कृषि भूमि (खसरा नंबर 400/1, रकबा 0.03 हेक्टेयर) को आपसी बिक्री बताकर हड़प लिया, जबकि जमीन असल में चंदूलाल और सुंदरबाई के नाम पर दर्ज है. आरोप है कि इस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण अपनी पत्नी के नाम पर करा लिया गया, जिससे गरीब हितग्राही को उसका हक नहीं मिल पाया. आरोप है कि पार्षद ने अपने पद और दबदबे का गलत इस्तेमाल करते हुए, इस योजना में हेराफेरी की और सरकारी खजाने को लाखों का नुकसान पहुंचाया.




### पार्षद ने दी अपनी सफाई

इस मामले में लल्लूराम डॉट कॉम के संवाददाता ने पांडातराई नगर पंचायत के वार्ड पार्षद प्रदीप जायसवाल से बात की तो पार्षद ने कहा कि मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार है, किसी की जमीन में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण नही हूँ. वहीं शिकायतकर्ताओं की मांग है कि पार्षद को तत्काल पद से हटाकर कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि इस तरह से गरीबों की योजना के साथ खिलवाड़ न कर सके.

### मंत्री का बयान और कार्रवाई की उम्मीद

गौरतलब है कि प्रदेश के गृह एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा कई बार अपने भाषणों में स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रधानमंत्री आवास के नाम पर किसी भी व्यक्ति को पैसे देने की जरूरत नहीं है, और अगर कोई मांगता है तो सीधे उन्हें फोन करें. अब देखना होगा कि जब खुद जनप्रतिनिधि ही योजना में गड़बड़ी करें तो प्रशासन क्या रुख अपनाता है.


### कलेक्टर ने लिया आवेदन, जांच जारी

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने फिलहाल शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच की बात कही है. हालांकि, अभी किसी तरह की आधिकारिक पुष्टि या कार्रवाई नहीं हुई है. लेकिन यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मामला पूरे नगर पंचायत की छवि को धूमिल करने वाला होगा.

## खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

# अवैध रेत खनन में लगी मशीन और 7 हाईवा जब्त, अन्य जगहों पर भी कार्रवाई की मांग




**अभनपुर, 28 जून।** राजधानी रायपुर से महज 12 किमी दूर स्थित अभनपुर इलाके में खनिज विभाग ने अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. बीती रात क्षेत्र के ग्राम पारागांव में विभागीय टीम ने दबिश देकर वहां अवैध उत्खनन में लगी चैन माउंटेन मशीन को मौके पर ही जब्त कर लिया. इसके अलावा टीम ने नवापारा क्षेत्र में रेत परिवहन कर रहे 7 हाईवा वाहनों को भी जप्त किया है. इस कार्रवाई के बाद रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है. वहीं रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर खनिज उप संचालक के.के. गोलघाटे के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के एक और गांव में भी अवैध रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठ रही है. इस पूरे खेल में ग्राम के ही एक युवक की केंद्रीय भूमिका सामने आ रही है, जिस पर अब कार्रवाई की मांग तेज हो गई है. स्थानीय ग्रामीणों ने खनिज विभाग से लखना में भी तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है. खनिज विभाग का कहना है कि अवैध उत्खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. जहां भी अवैध रेत खनन और परिवहन की जा रही है, वहां कार्रवाई की जाएगी.

### लखना में भी अवैध उत्खनन चरम पर, लोगों में आक्रोश

अभनपुर क्षेत्र के ग्राम लखना से भी अवैध रेत उत्खनन का बड़ा मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार, प्रतिदिन करीब 50 ट्रैक्टर वाहन ग्राम में नर्सरी के आसपास और महानदी से सैकड़ों ट्रिप रेत निकालकर बाहर भेज रहे हैं. यह रेत भंडारण कर हाईवा मालिकों को बेचा जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की भारी क्षति हो रही है.

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26